RNI.UPHIN/2021/82019



# दैनिक सिद्धि सरकार



वर्ष :5 | अंक:170 | www.Siddhisarkar.com | ललितपुर 18 फरवरी बुधवार 2026 | पृष्ठ:12 मूल्य :3 रुपये

## सीमा हैदर फिर बनीं मां, बेटे को दिया जन्म, सचिन के घर में गूंजी किलकारी




कुछ सालों पहले पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने मंगलवार (17 फरवरी) को बच्चे को जन्म दिया. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में सीमा ने बेटे को जन्म दिया. डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं. मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी होने के बाद रबूपुरा पहुंचने पर सचिन के परिजनों ने बेटे के जन्म की खुशी में मिठाई बांटी. पिछले साल सीमा ने बेटी को जन्म दिया था.

जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ-ग्रेटर नोएडा रबूपुरा क्षेत्र में रह रही पाकिस्तान से भारत आई महिला सीमा हैदर ने मंगलवार को अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया. जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के दौरान सीमा ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. डॉक्टरों की निगरानी में हुई डिलीवरी के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं.

सीमा हैदर पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैंवह 13 मई 2023 को नेपाल के रास्ते भारत आई थींसीमा और सचिन मीणा की प्रेम कहानी पब्जी गेम के जरिए शुरू हुई थी

अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के चलते सीमा हैदर को 4 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया गया था7 जुलाई 2023 को जमानत मिल गईसीमा हैदर को अब तक भारतीय नागरिकता नहीं मिली हैसीमा के खिलाफ अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का मामला दर्ज हैनेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी सीमा और सचिन ने शादी की थीपरिवारवालों ने बांटी मिठाइयांवहीं अस्पताल प्रशासन के अनुसार प्रसव सामान्य तरीक़े से हुआ और जच्चा बच्चा को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था. मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब सीमा अपने परिवार के साथ रबूपुरा पहुंचीं, तो घर में खुशी का माहौल देखने को मिला. परिवारवालों ने नवजात शिशु के स्वागत में मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी.ग्रेटर नोएडा में रह रही हैं सीमा हैदरसीमा हैदर ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रह रही हैं और उनके जीवन से जुड़ी घटनाएं पूर्व में भी चर्चा का विषय रही हैं. पिछले वर्ष उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया था. अब बेटे के जन्म के साथ परिवार में खुशियों की संख्या और बढ़ गई है.परिवार के करीबी सूत्रों का कहना है कि बच्चे के जन्म से पूरे परिवार में उत्साह है और सभी सदस्य मां और शिशु के अच्छे स्वास्थ्य को लेकर संतुष्ट हैं. क्षेत्र के लोगों ने भी परिवार को शुभकामनाएं दी हैं. इस अवसर पर परिवार ने कहा कि यह उनके लिए बेहद खास पल है. बच्चे के आने से नई उम्मीद और खुशियां आई हैं.

## NEET छात्रा मौत मामला: परिवार को फिर से मिली धमकी, कहा- बेटी गई बेटा भी मरेगा 2 दिन में



पटना में पिछले महीने (जनवरी) हुई नीट छात्रा की मौत के बाद परिजनों को एक बार फिर धमकी मिली है. दूसरी बार घर के किचन से धमकी भरा पर्चा मिला है. माना जा रहा है कि इसे किचन की खिड़की से फेंका गया है. इसके पहले भी किचन से ही धमकी भरा पर्चा मिला था. अब दूसरी बार धमकी मिलने के बाद परिवार और दहशत में है.

धमकी भरे पर्चे में लिखा गया है, ÷न मानोगेज बेटी गई, बेटा भी मरेगा 2 दिन में÷. दूसरी ओर हैरान की बात है कि यह धमकी भरा पर्चा घर से तब मिल रहा है जब परिवार को सुरक्षा मिली हुई है. सवाल है कि आखिर यह धमकी भरा पर्चा कौन फेंक रहा है?

पहली पर्ची मिलने के बाद खुद गांव पहुंचे थे थानाध्यक्ष -बता दें कि धमकी भरा पर्चा जब पहली बार बीते शनिवार (14 फरवरी, 2026) को मिला था

# छिंदवाड़ा- राजा सिंह ने सिया हत्याकांड को बताया लव जिहाद, CM मोहन यादव से की ये मांग

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में आयोजित ड़हिंदू गर्जना रैलीड़ में तेलंगाना के फायरब्रांड विधायक टी. राजा सिंह ने एक बार फिर विवादित और तीखे बयानों से सियासी पारा चढ़ा दिया है. शिवाजी जयंती के अवसर पर आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए राजा सिंह ने भोपाल के चर्चित सिया हत्याकांड को ड़लव जिहादड़ करार दिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विशेष समुदाय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

भोपाल के गुनगा इलाके में 33 वर्षीय सिया की हत्या और शव को सेप्टिक टैंक में छिपाने की घटना का जिक्र करते हुए राजा सिंह ने मंच से कहा, ÷हमारी गोंदिया की बेटी सिया को धोखे से लिव-इन में रखा गया और निकाह की बात करने पर उसे मार दिया गया.÷ हालांकि, पुलिस जांच में मुख्य आरोपी का नाम ड़शिवप्रसादड़ सामने आया है, लेकिन राजा सिंह ने मंच से आरोपी को ड़समीरड़ कहकर संबोधित किया और इस घटना को ड़लव जिहादड़ और ड़मिशन नरसंहारड़ का हिस्सा बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक जेहादी मानसिकता का परिणाम है.




ष्टरूमोहन यादव से की मांग-राजा सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि ÷वोटों के लालच में ऐसे लोगों को मुफ्त राशन और सरकारी मकान देना बंद किया जाए.÷ उन्होंने लव जिहाद, लैंड जिहाद और जिम जिहाद का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब ड़मुसलमान मुक्त मध्य प्रदेशड़ चाहती है. उन्होंने सरकार से आरोपियों के घरों पर तत्काल बुलडोजर चलाने की अपील की.

ओवैसी और राजनीति पर तीखा प्रहार-अपने भाषण में राजा सिंह ने हैदराबाद के ओवैसी भाइयों पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने ओवैसी भाइयों को ड़सालेड़ और खुद को उनका ड़जीजाड़ बताते हुए कहा कि ÷भारत में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा.÷ राजनीति को ड़कीचड़ड़ बताते हुए राजा सिंह ने कहा कि वे अपने बेटे को नेता नहीं, बल्कि धर्म रक्षक ड़संभाजी महाराजड़ जैसा बनाएंगे.

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ की मौत, दो महीने के अंदर दूसरी घटना से हड़कंप



मध्यप्रदेश में बाघ और चीतों की मौत की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है. ताजा घटना प्रदेश के सागर जिले में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से आई है. यहां रिजर्व के कोर क्षेत्र में एक करीब 35 माह के बाघ का शव मिला है. बाघ की मौत से हड़कंप मचा है. इसको कान्हा टाईगर रिजर्व से पिछले महीने जनवरी में शिफ्ट किया गया था. पिछले साल दिसंबर में सागर के दक्षिण वन मंडल रेंज में एक बाघ का शव मिला था. जिसकी जांच पड़ताल खत्म नहीं हुई है. दो महीनों में दो बाघों के शव मिलने से कई सवाल व्यवस्थाओं और सुरक्षा को लेकर खड़े हो रहे है. वनमंडल अधिकारी के मुताबिक बाघ को 18-19 जनवरी 2026 को रेडियो कॉलर लगाकर रिजर्व के कोर वन क्षेत्र में मुक्त किया गया था. तब से ही मॉनिटरिंग दल उसकी लगातार निगरानी कर रहा था.

टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का शव-सागर में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक महीने पहले लाए गए करीब 35 माह उम्र के बाघ की मौत हो गई. रविवार (15 फरवरी) को मोहली क्षेत्र के मानेगांव बीट के कक्ष क्रमांक 159 में उसका शव मिला. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. अंधेरा होने के कारण विस्तृत सर्चिंग नहीं हो सकी, जिसके बाद सोमवार (16 फरवरी) की सुबह डॉग स्क्वॉड के साथ जांच तेज की गई. डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम कर रही है, जिससे मौत का कारण स्पष्ट होगा.

शुरुआती तौर पर टेरिटरी फाइट की आशंका जताई जा रही है. इस बाघ को मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा ब?ाने के लिए लाया गया था.

बाघ की मौत की जांच शुरू-वनाधिकारी के अनुसार विगत दो दिवसों से बाघ की लोकेशन एक जगह ही आ रही थी. मॉनिटरिंग दल ने नजदीक जाकर देखा तो उन्हें बाघ मृत अवस्था में मिला. अंधेरा हो जाने के कारण डॉग स्क्वायड से सर्च, अन्य अन्वेषण एवं राष्टीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल अनुरूप पोस्टमार्टम किया जाएगा.

रेडियो कॉलर से मिली जानकारी-वनमंडल अधिकारी ने बताया कि रेडियो कॉलर से मिली जानकारी के अनुसार बाघ की मौत की वजह का पता लगाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बाघ की मौत की खबर मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है.

दो महीने पहले भी मिला था नर बाघ का शव-बाघों की मौत का सिलसिला जारी है. इसी रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व से दो किलो मीटर दूर सागर के दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ढाना परिक्षेत्र के ग्राम हिलगन के जंगल में रविवार (28 दिसंबर 2025) को एक नर बाघ मृत अवस्था में मिला था.

जिसकी करंट लगने से मौत बताई गई थी. इसकी जांच के लिए वायल्ड लाइफ जबलपुर और पन्ना टाईगर रिजर्व का जांच दल आया था. दो महीने में बाघों के शव मिलने से वन विभाग और टाईगर रिजर्व में हड़कंप मचा है.

## MP में राज्यपाल के अभिभाषण पर घमासान! CM बोले- मर्यादा लांघकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा विपक्ष



मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत होते ही प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है. सत्र के पहले दिन ही सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच सियासी बहस देखने को मिली है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताया और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा.मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की नीतियों और उपलब्धियों का आईना होता है. यह लोकातांत्रिक प्रक्रिया का अहम हिस्सा है, जिस पर सदन में विस्तार से चर्चा होती है. मोहन यादव ने कांग्रेस पार्टी को सलाह देते हुए कहा, अगर कोई बात अच्छी लगे तो उसकी तारीफ करना चाहिए और अगर कोई कमी लगे तो सबूतों के आधार पर उसे उजागर करना चाहिए. लेकिन मर्यादा की सीमाएं लांघकर अभिभाषण का विरोध करना ये कतई सही नहीं है.

सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेसी बड़े नादान हैं; वे समझने में गलती करते हैं. इसी वजह से कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो रही है.÷ उन्होंने निशाने साधते हुए कहा, ÷नाच न जाने आंगन टेढ़ा,÷ और आरोप लगाया कि जनता अब कांग्रेस की बातों पर भरोसा नहीं कर रही है.

सदन में सकारात्मक चर्चा का भरोसा-मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि बजट सत्र के दौरान सरकार सभी मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है. उन्होंने आगे कहा कि कल सदन में सकारात्मक रूप से चर्चा और सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देगी.

'वंदे मातरम' पर बोले सीएम-सत्र के शुरूआत में मुख्यमंत्री ने 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी और कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य और तकब्बुर की बात है. %वंदे मातरम' देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, और इसे सम्मान देना हर नागरिक का फर्ज बनता है. उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी को साथ मिलकर राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखना चाहिए.







# कस्बा मड़ावरा में विमानों के साथ निकली आचार्य चरण शोभायात्रा



## जैन आचार्य विद्यासागर जी के द्वितीय समाधि दिवस एवं

दानवीर नगर गौरव विरधी चंद्र,लक्ष्मी देवी जैन की 50वीं स्वर्णिम वैवाहिक वर्षगांठ के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा दो दिवसीय कार्यक्रम

मड़ावरा(ललितपुर)-समाधिस्त आचार्य विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस व कस्बा मड़ावरा सहित सम्पूर्ण जनपद में अपने सरल सौम्य,धर्मपरायणता एवं दानवीर के रूप में पहचाने जाने वाले वर्णी नगर मड़ावरा गौरव भामाशाह श्री विरधीचन्द्र,लक्ष्मी देवी जैन जी की 50 वीं स्वर्णिम वर्षगांठ को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं परिवारीजनों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है

दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कस्बे में भव्य विमान एवं आचार्य भगवन विद्यासागर जी के प्रतीक चरण चिन्हों की शोभायात्रा निकाली गयी जो कि 1008 श्री पार्श्वनाथ युगल मंदिर से शुभारंभ की गयी शोभायात्रा में भव्य सुसज्जित विमानों में श्री जी की प्रतिमाओं को विराजमान कर श्रद्धालुजन भक्तिभाव पूर्वक लेकर चल रहे थे तो वहीं झांकी के रूप में सुसज्जित की गयी टेक्सी में आचार्य श्री के चरणों को विराजमान किया गया साथ ही शोभायात्रा के आगे आगे चल रहा डीजे वाहन भक्तिमय सुमधुर संगीत से वातावरण को धर्ममय बना रहा था तो वहीं महिला, पुरुष श्रद्धालु विमानों के पीछे पंक्तिबद्ध होकर भक्तिगीत गाते हुए चल रहे थे शोभायात्रा के अपने नियत आयोजन स्थल पहुंचने पर विमानों में विराजमान भगवान जिनेन्द्र देव को मंच पर उच्चासन पर विराजमान किया गया तत्पश्चात विधिविधान पूर्वक रिद्धि सिद्धिदायक मंत्रों के मंत्रोच्चारण के साथ श्री जी का अभिषेक पूजन सम्पन्न किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन



ललितपुर- नगर के रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. (डॉ.) केशव देव द्वारा एनएसएस के ध्वज को फहराकर किया गया किया गया7 उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) केशव देव ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा एनएसएस का धेय वाक्य 'नॉट मी बट यू' है जो कि परहित की भावना का विकास कर छात्र को समाज का एक उत्कृष्ट नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करता है। सभी शिविरार्थियों को एनएसएस के इस शिविर से मानव सेवा समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा की प्रेरणा लेकर एक सच्चा और अच्छा नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना का चिन्ह कोणार्क मंदिर से लिया गया है जिसके चक्र में तीली 24 घंटे कार्य करते रहने को प्रेरित करती हैं जबकि नीला रंग इस विशाल ब्रह्मांड को संदर्भित है जिसके हम एक सुख बिंदु हैं और लाल रंग हमें आगे ब?ने के लिए प्रेरित करता है व सफेद रण शांतिपूर्ण तरीके अपनाने को प्रेरित करता है इस प्रकार एनएसएस जीवन के सर्वोच्च स्वरूप को प्राप्त करने के लिए छात्र को तैयार करता है। स्वयंसेवियों द्वारा संकल्प गीत का गायन किया गया7 इसी क्रम में कार्यक्रम प्रभारी श्री अमित कुमार ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की7 तत्पश्चात श्रमदान एवं सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन हुआ7 कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. डी. के. साहू, डॉ. संजीव श्रीवास , डॉ. रीतेश कुमार खरे , डॉ. स्वीकृति , श्री नजम उल रफी, श्री. आकिब खान,छोटेलाल एवं स्वयंसेवी कविता यादव, कंचन निरंजन, स्नेहा गायकवाड, राखी पटेल, सुहानी विश्वकर्मा, वैशाली, शिवानी राजपूत, निशा कुशवाहा, नैंसी, अदिति प्रजापति, पूजा पटेल, अमीषा पटेल, अमृता, कृष्णा, डोली, दक्ष जैन, सौरव रजक, साहिल राठौर, विशाल साहू, दुष्यंत, शैलेंद्र, सौरभ कुमार, अर्पित साहू, प्रहलाद सिंह राजपूत, हर्षित राजा, कपिल राठौर, आदित्य, नमन जैन, विजय कुमार गौतम, राजेंद्र, रामवती, अहिरवार, अंशिका, प्रियल सोनी, मुस्कान स्वामी, विष्णु, वंशिका राठौर, अंजलि, फरजाना, रजनी, कृष्णा, नैंसी, सुहानी साहू, जेबा खान, पीयूष मालवीय, आशीष और प्रतिमा जैन आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीतेश कुमार खरे ने किया

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर हुआ शोक सभा का आयोजन

ललितपुर. भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव जी एवं पार्षद रमेश गांधी की जी की*पूज्यनीय माता श्री मती प्रेम बाई श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इस पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया।शोकसभा में वक्ताओं ने उन्हें परोपकारी, धार्मिक और विदुषी महिला वताया। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, डा राजकुमार जैन,जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, धर्मेन्द्र पाठक,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, गौरव गौतम, डा दीपक चौबे, अशोक रावत ,प्रभाकर शर्मा, शशिशेखर पाण्डेय, राजेश लिटौरिया, अजय जैन साईकिल,धर्मेन्द्र गोस्वामी, अनुराग जैन शैलू, भगतसिंह राठौर,मनीष पार्षद,ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, मनीष सड़ैया, अवतार सिंह लोधी, मनोज खटीक,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, किंजल्क हुड्डैत,जगभान सिंह लोधी, अरविंद सिंघई, सचिन साहू आदि उपस्थित रहे।7

# नैतिक मूल्य संस्कार परीक्षा के प्रतिभागी किए गए सम्मानित

राम रतन विद्या मंदिर महावीर पुरा वह प्रशांति विद्या मंदिर गांधीनगर नई बस्ती ललितपुर में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आयोजित नैतिक मूल्य संस्कार परीक्षा 2025 का परीक्षाफल घोषित किया गया व प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री राजकुमार जी राठौर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर जी जिला उपाध्यक्ष बहिन श्रीमती शुभ्रा जैन कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद साहू जी, सक्षम के जिला अध्यक्ष श्री अक्षय अलया ,प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव व महामंत्री तथा विश्व हिंदू परिषद के मंत्री श्री ध्रुव साहू तथा विद्यालय के प्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे । कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण द्वारा किया । अपने उद्बोधन में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर जी सोनी ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व हिंदू परिषद प्रतिवर्ष नैतिक मूल्य संस्कार परीक्षा का आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के उद्देश्य से करता रहा है । भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा आदर्शों व संस्कारों से परिपूर्ण है । हमारा प्रयास है कि वर्तमान पीढ़ी अपने प्राचीन संस्कारों को जाने व जीवन में अनुसरण करे ।विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री श्री ध्रुव साहू जी ने विद्यार्थियों से अपने प्राचीन ग्रंथों का विस्तृत अध्ययन करने की बात कही । प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में भी हमारे प्राचीन ग्रंथो की प्रासंगिकता के विषय में बतलाया । साथ ही यह भी बताया कि समस्त विश्व हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर उनसे प्रभावित हो रहा है ।

विद्यालय के प्रबंधक ने विद्यार्थियों से अपने उद्बोधन में कहा कि रामायण व महाभारत में जो जीवन दर्शन प्रस्तुत किया गया है वह अद्वितीय है । हम जीवन की किसी भी परिस्थिति में अपने प्राचीन ग्रंथो से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं । ये ग्रंथ हमें बतलाते हैं कि हमारा आचरण कैसा होना चाहिए ।इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों शील्ड व सर्टिफिकेट वितरित किए गए । विश्व हिंदू परिषद के द्वारा विद्यालय प्रबंधन को भारत माता का चित्र भेंट किया गया । समस्त परिसर भारत माता की जयकार से गूंज उठा । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री बिहारी लाल जी सविता ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं

# शिक्षक संघर्ष के लिए तैयार रहें।



**अरुण गोस्वामी**

ललितपुर -उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बार की कार्यसमिति और संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक संगठन के जिला मंत्री अरुण गोस्वामी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ।बैठक में ब्लॉक कार्यसमिति और संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व से अवगत कराते हुए सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया गया।विशेष रूप से एक्स हैंडल (ट्विटर) पर सभी को ट्वीट और रिट्वीट आदि पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया द्वारा प्रेषित पत्र को सभी के समक्ष पढ़ कर सुनाया गया। श्री गोस्वामी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघर्षों के परिणाम सदैव सकारात्मक होते हैं अतः सभी शिक्षक साथी इसके लिए तैयार रहें और सोशल मीडिया पर सक्रिय रहें।उन्होंने सोशल मीडिया की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। ब्लॉक मंत्री बार दिलीप सिंह ने ब्लॉक के शिक्षकों से अपील की कि हम सब की एकता से हम सभी का भविष्य सुरक्षित है अतः सभी की एकजुटता आवश्यक है।इस अवसर पर जिला मंत्री और ब्लॉक बार के अध्यक्ष अरुण गोस्वामी,ब्लॉक मंत्री दिलीप सिंह,संघर्ष समिति अध्यक्ष अध्यक्ष आलोक गुप्ता ,संघर्ष समिति के मंत्री विशाल भारती नायक ,विशाल गुप्ता,संजीव लोहिया,प्रवीण दुबे, अखिलेश श्रीवास्तव,विजय कौशिक,प्रमोद पुष्पकार,अब्दुल सईद,अल्पेश समाधिया, मुहम्मद अलीम,रोहित सिंह विमल कुमार,कृष्णकांत रावत, विनीता गुप्ता,राजेश्वरी देवी,शैलेन्द्र सिंह,कमल सिंह, विश्वेंद्र सिंह यादव,रमाशंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मंत्री दिलीप सिंह ने किया।

# भारतीय जनता पार्टी ने किया शोक सभा का आयोजन

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव जी एवं पार्षद रमेश गांधी की जी की पूज्यनीय माता श्री मती प्रेम बाई श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इस पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया।शोकसभा में वक्ताओं ने उन्हें परोपकारी, धार्मिक और विदुषी महिला वताया।

इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, डा राजकुमार जैन,जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, धर्मेन्द्र पाठक,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, गौरव गौतम, डा दीपक चौबे, अशोक रावत ,प्रभाकर शर्मा, शशिशेखर पाण्डेय, राजेश लिटौरिया, अजय जैन साईकिल,धर्मेन्द्र गोस्वामी, अनुराग जैन शैलू, भगतसिंह राठौर,मनीष पार्षद,ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, मनीष सड़ैया, अवतार सिंह लोधी, मनोज खटीक,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, किंजल्क हुड्डैत,जगभान सिंह लोधी, अरविंद सिंघई, सचिन साहू आदि उपस्थित रहे।

# विशेष शिविर के अंतर्गत साइबर अपराध पर जागरुकता संगोष्टी का हुआ आयोजन

**सार्थक नायक**



गुरसरांय(झांसी)- नगर के डा0 राम मनोहर लोहिया पी जी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में द्वितीय विशेष शिविर के अंतर्गत साइबर अपराध विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डा0पिकी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्?बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों से बचाव के व्यवहारिक उपायों पर प्रकाश डाला तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र सिंह भदोरिया उपनिरीक्षक गुरसरांय थाना ने अपने वक्तव्य के माध्यम से स्वय सेविकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में साइबर अपराध तेजी से अपने पैर पसार रहा है। इससे बचाव ही सावधानी है। उन्होंने स्पेस इमेल साइबर फिशिंग,फर्जी बैंक काल,साइबर बुर्निंग मेसेजिंग के माध्यम से किस प्रकार समाज में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। उनसे बचाव के उपाय के साथ- साथ सावधान रहने को कहा एवं उक्त विषयों पर विस्तृत जानकारी स्वयंसेविकाओं को प्रदान की तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डॉ आराधना यादव ने संगोष्ठी का संचालन किया।कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉक्टर धीरज दीक्षित ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया।संगोष्ठी में सैकड़ो स्वयंसेवकाए उपस्थिति रही। इस अवसर पर शारदा सिंह चौहान,पूनम यादव,जय सिंह,छाया देवी एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# विशेष शिविर के दूसरे दिन नारी सशक्तिकरण पर हुई परिचर्चा

**सार्थक नायक**



गुरसरांय(झांसी)- नगर के जगदीश सिंह यादव नंदकिशोर मोदी महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन नारी सशक्तिकरण पर विस्तृत परिचर्चा की गई।इसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ पी एस यादव रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज नारी शक्ति को जागृत करने के लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है इसमें 1090 द्वारा आपको कोई भी परेशानी आने पर 10 मिनट के अंदर सहायता उपलब्ध हो जाती है तथा स्वयंसेवियों को पहले दूसरों को महत्व दें तथा दुनिया की चमक दमक से बचने की सलाह दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को टोलियों में विभाजित कर टोली नायक बनाए गए। इकाई प्रथम के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अनूप अवस्थी ने अपने संबोधन में टोली नायकों की भूमिका को बताया तथा इकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी ने नारी सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की।इस अवसर पर डॉक्टर प्रतिज्ञा गुप्ता ने गीत के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समीक्षा,विधि,अफसाना बानो,प्रियंका ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉक्टर प्रहलाद गुप्ता,रामनरेश यादव,बृजेंद्र कुमार यादव,इंजीनियर शिवम दुबे,शिवम व्यास,चंद्रभूषण पटेल,राजीव सिंह घोष,जगदेव सिंह घोष,फातिमा तथा अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल,झांसी रेफर



गुरसरांय (झांसी)। नगर में मंगलवार दोपहर लगभग 3:00 बजे भीषण सड़क हादसा होने से क्षेत्र में कोहराम मच गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम गढवई निवासी नरेश पुत्र राम किशन सेन (35) दोपहर में मोहल्ला पच्चीसा से बाइक द्वारा मोदी चौराहे की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बल्लू भैया पंप के पास पहुंचे,अचानक सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक ट्रक के नीचे जा घुसी।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल नरेश को बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा।

### हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा आज से,तैयारियां पूर्ण

# हाईस्कूल के 769 एवं इंटर के 885 सहित कुल 1654 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा-धनप्रकाश तिवारी




**सार्थक नायक**

गुरसरांय(झांसी)। 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली सबसे बड़ी उत्तरप्रदेश की हाईस्कूल एवं इण्टर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें सबसे बड़े परीक्षा केंद्र खेर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 769 एवं इंटर के 885 सहित कुल 1654 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे उक्त जानकारी देते हुए केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने व्यवस्थाओं के बारे में बैठक करते हुए बताया कि 25 कमरों में परीक्षा होगी। जिसमें 50 कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे। इस दौरान मोबाइल ले जाना सख्त मना रहेगा। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक लिखना होगा। परीक्षा नकल विहीन संपन्न हो। इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है। प्रश्न पत्र शुरू होने के 30 मिनट तक अनुपस्थित भेजना होगी। क्रमानुसार उत्तर पुस्तिका वितरित होंगी। परीक्षा विभाग में जितेंद्र सिंह पटेल एवं विनोद कुमार कार्य करेंगे। संकलन कक्षा में कुलदीप कोदवलकर,कौशलेश मिश्रा,कन्हैया लाल आदि कार्य करेंगे। नगर के दूसरे परीक्षा केंद्र श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य केंद्र व्यवस्थापक सत्यप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि हाईस्कूल के 365 एवं इंटर के 104 कल 469 परीक्षार्थी 10 कमरों में परीक्षा देंगे। जिसमें 20 कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे। बाह्य केंद्र व्यवस्थापक राजकीय हाईस्कूल बिजोरा के शिवधनी होंगे। परीक्षा विभाग में कैलाश प्रकाश गुप्ता,हरी बाबू शर्मा एवं सुनील व्यास कार्य करेंगे।

# टैक्स चोरी पर सख्ती: महरौनी मंडी प्रशासन की कार्रवाई, दो ट्रैक्टरों के काटे चालान





महरौनी,ललितपुर)। राजस्व हितों की सुरक्षा और टैक्स चोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में महरौनी प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़कर उनके चालान काटे, जबकि अन्य व्यापारियों को नियमों के पालन की कड़ी चेतावनी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई के निर्देश पर मंडी प्रशासन सक्रिय हुआ। कार्रवाई के दौरान मंडी सचिव एवं मंडी इंस्पेक्टर की टीम ने विक्की साहू नामक व्यक्ति के दो ट्रैक्टरों को पकड़ा, जो अनाज लेकर मध्य प्रदेश की ओर जा रहे थे।

मंडी प्रशासन के मुताबिक, अनाज परिवहन से संबंधित आवश्यक कर एवं मंडी शुल्क की औपचारिकताएं पूर्ण न होने पर पुलिस की मदद से दोनों ट्रैक्टरों को मंडी प्रांगण में खड़ा कराया गया। जांच के बाद दोनों वाहनों के चालान काटे गए। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों एवं टैक्स अदायगी के अनाज परिवहन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही व्यापारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमों का पालन करें और टैक्स चोरी जैसी गतिविधियों से बचें।

प्रशासन ने बताया कि पारदर्शिता बनाए रखने और राजस्व की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

### त्योहारों व बोर्ड परीक्षा को लेकर महरौनी पुलिस की पैदल गश्त,

# सीओ रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में कस्बे में भ्रमण, नागरिकों से संवाद कर दिया सुरक्षा का भरोसा



महरौनी,ललितपुर। त्योहारों एवं बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महरौनी पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महरौनी राजा दिनेश सिंह एवं पुलिस बल द्वारा कस्बा महरौनी में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजार, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर स्थिति का अवलोकन किया। डीजे संचालकों को सख्त निर्देश पुलिस ने बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए डीजे संचालकों को रात्रि 10 बजे के बाद डीजे न बजाने की हिदायत दी। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई भी डीजे रात्रि 10 बजे के बाद नगर या क्षेत्र में संचालित पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

महरौनी पुलिस का कहना है कि त्योहारों और परीक्षाओं के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त एवं निगरानी लगातार जारी रहेगी।

# कस्बा मड़ावरा में विमानों के साथ निकली आचार्य चरण शोभायात्रा

### जैन आचार्य विद्यासागर जी के द्वितीय समाधि दिवस एवं

दानवीर नगर गौरव विरधी चंद्र,लक्ष्मी देवी जैन की 50वीं स्वर्णिम वैवाहिक वर्षगांठ के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा दो दिवसीय कार्यक्रम

मड़ावरा(ललितपुर)-समाधिस्त आचार्य विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस व कस्बा मड़ावरा सहित सम्पूर्ण जनपद में अपने सरल सौम्य,धर्मपरायणता एवं दानवीर के रूप में पहचाने जाने वाले वर्णी नगर मड़ावरा गौरव भामाशाह श्री विरधीचन्द्र,लक्ष्मी देवी जैन जी की 50 वीं स्वर्णिम वर्षगांठ को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं परिवारीजनों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है

दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कस्बे में भव्य विमान एवं आचार्य भगवन विद्यासागर जी के प्रतीक चरण चिन्हों की शोभायात्रा निकाली गयी जो कि 1008 श्री पार्श्वनाथ युगल मंदिर से शुभारंभ की गयी शोभायात्रा में भव्य सुसज्जित विमानों में श्री जी की प्रतिमाओं को विराजमान कर श्रद्धालुजन भक्तिभाव पूर्वक लेकर चल रहे थे तो वहीं झांकी के रूप में सुसज्जित की गयी टेक्सी में आचार्य श्री के चरणों को विराजमान किया गया साथ ही शोभायात्रा के आगे आगे चल रहा डीजे वाहन भक्तिमय सुमधुर संगीत से वातावरण को धर्ममय बना रहा था तो वहीं महिला, पुरुष श्रद्धालु विमानों के पीछे पंक्तिबद्ध होकर भक्तिगीत गाते हुए चल रहे थे शोभायात्रा के अपने नियत आयोजन स्थल पहुंचने पर विमानों में विराजमान भगवान जिनेन्द्र देव को मंच पर उच्चासन पर विराजमान किया गया तत्पश्चात विधिविधान पूर्वक रिद्धि सिद्धिदायक मंत्रों के मंत्रोच्चारण के साथ श्री जी का अभिषेक पूजन सम्पन्न किया गया। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य श्री के द्वितीय समाधि दिवस की पूर्व संध्या मंगलवार17फरवरी को सायंकालीन कार्यक्रम में शाम 6 बजे से प्रतिभास्थली ललितपुर एवं जैन समाज मड़ावरा की समस्त सामाजिक संस्थाओं के सौजन्य से विद्याविनयांजलि एवं युग श्रेष्ठ आचार्य विद्यासागर जी की 1008 दीपकों से महामंगलिक आरती की जाएगी साथ ही द्वितीय दिवस 18 फरवरी समाधि दिवस पर प्रातः 6 बजे से श्री आचार्य परमेष्ठी विधान एवं 12 बजे से सकल जैन समाज,क्षेत्रीय समाज एवं अतिथिगणों का वात्सल्य भोज एवं सायंकाल में 6बजकर 30 मिनिट से समृद्धि संध्या शुभकामना समारोह का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम में डॉ राकेश जैन,डॉ विकास जैन(जनता चाइल्ड क्लिनिक)डॉ विशाल जैन,अभिनंदन जैन,डीके जैन,राजू सौंरया, सुरेंद्र दुकानवाले,चेतन जैन,प्रियंक सराफ,नितिन जैन सहित दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा की समस्त सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता मिल रही है।

# धरती बनी दुल्हन, कविता बनी सेतु- काव्य सम्मेलन में बही एकता और संवेदना की धारा

ललितपुर। जनपद के ग्रामीण परिवेश में हिंदी-उर्दू-अवधी संगम की सुगंध बिखेरता भव्य काव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। हरियाली से सजे खेत-खलिहानों और लहलहाती सरसों के बीच साहित्यिक संस्था के बैनर तले हुए इस आयोजन ने सांप्रदायिक सौहार्द, मानवीय रिश्तों और प्रकृति-प्रेम का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्य चिकित्साधीक्षक एवं कवि डॉ. खेमचन्द्र वर्मा ने की, जबकि सफल संचालन महेश नामदेव 'भास्कर' ने किया। आयोजन के केंद्र में वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता रामकृष्ण कुशवाहा का 68वां जन्मदिन रहा, जिसे शिवालय में पूजन-अर्चना के उपरांत काव्य-समारोह के रूप में मनाया गया। कवि रामकृष्ण कुशवाहा ने अपनी पंक्तियों से



श्रोताओं का दिल जीत लिया, ÷तितलियां नाच रहीं फूलों पर, प्रकृति दे रही बधाई है, धरती बनी है आज दुल्हन, जैसे गगन से हो रही सगाई है।÷ वरिष्ठ कवि सरवर हिन्दुस्तानी ने दोस्ती और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा ÷ख़त्म न हो जाए दोस्ती के रिश्ते, दुआ सलाम रहने दो, दोस्तों के दरम्यां अस्सलामलेकुम, जय सियाराम रहने दो।÷

कार्यक्रम में सुमनलता शर्मा 'चांदनी', शीलचन्द्र शास्त्री 'शील', महेश नामदेव 'भास्कर', राधेश्याम ताम्रकार, पलाश कश्यप सहित अनेक कवि-शायरों ने गीत, ग़ज़ल और कविताओं से समां बांधा। रचनाओं में गांव की मिट्टी, रिश्तों की मिठास, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना प्रमुख रही। श्रोताओं में राजाराम खटिक एडवोकेट, जलील बख्श, एम.आर. खान सोज, रामप्रकाश शर्मा, नारायण सिंह यादव, संदीप, रोहित, मनीष कुशवाहा, रमसेवक, देवेंद्र यादव, मनोरमा, दीपिका, प्रेमदेवी, मीना देवी, काजल, प्रीति, सिद्धार्थ एवं माही सहित बड़ी संख्या में साहित्य-प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक रामकृष्ण कुशवाहा एडवोकेट ने सभी कवियों, शायरों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भूमि, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य का हुआ मुआयना



महोबा।अजनरभूमि, मृदा एवं जल संरक्षण से संबंधित चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जोनल चीफ झांसी डॉ. एच.बी. गिरीश एवं कंजर्वेटर बाँदा मनोज कुमार ने प्रभागीय वनाधिकारी महोबा नरेंद्र सिंह तथा वन क्षेत्राधिकारी अजनर जितेंद्र कुमार की उपस्थिति में कार्यों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संरक्षण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपयोगिता की समीक्षा की। साथ ही खोई पसानाबाद क्षेत्र तथा अजनर स्थित नर्सरी का भी मुआयना किया गया, जहां पौध उत्पादन एवं रोपण की तैयारियों की जानकारी ली गई।

अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप पर रहा ललितपुर, डीएम ने बैठक कर प्रथम स्थान बरकरार रखने के दिये निर्देश

### जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले अधिकारियों को लगायी फटकार, अगले माह तक प्रगति सुधारने का दिया अल्टीमेटम



ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरुप मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में ललितपुर ने प्रदेश के अन्य जिलों को पछाड़ते हुए पहला स्थान पाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, यह उपलब्धी प्रत्येक जनपदवासी को गौरान्वित करने वाली है। इस उपलब्धी को आगे भी बरकरार रखने के लिए जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों की सराहना की तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। समीक्षा के दौरान ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की खराब प्रगति पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह में प्रगति सुधारने के निर्देश दिये, साथ ही नगर में पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट गिन्नोटबाग में प्राचीन वृक्षों के संरक्षण में लापरवाही पर पर्यटक अधिकारी से नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल व जनपद के विकास कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए प्रथम स्थान को आगे भी बरकरार रखें।

बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, सीवीओ डॉ भगवान सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, डीडी एग्रीकल्चर, जिला कृषि अधिकारी, एडीएसटीओ अजयवीर सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

# विपक्षी पर लगाया गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचौनी में घर पर मौजूद एक ग्रामीण के साथ मोहल्ले के ही विपक्षी ने उसके घर पर जाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम पचौनी निवासी सतीश सैन पुत्र घनश्याम ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 15 फरवरी 2026 को सुबह करीब 6ञ्30 बजे उसके ही पड़ोस में रहने वाला विपक्षी अनिल पुत्र शीलचंद्र ने उसके घर पर आकर बेवजह ही उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी विपक्षी के खिलाफ 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# घर पर काम कर रही महिला को दबोच कर गाली-गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

### पीड़ित महिला की शिकायत पर विपक्षी दंपति सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना सोजना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जुदईया में अपने घर पर काम कर रही एक महिला के साथ गांव के ही विपक्षियों ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विपक्षी दंपति सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम जुदईया निवासी श्रीमती देविका पत्नी स्वर्गीय रामकिशोर ने थाना सोजना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 16 फरवरी 2025 को सुबह 8ञ्30 बजे वह अपने घर पर थी और घरेलू कार्य कर रही थी। इसी दौरान गांव में ही रहने वाला विपक्षी सुखलाल पुत्र खरगे अपनी पत्नी ज्ञानबाई और अपने पुत्र राममिलन तथा अन्य महिला देवकी पत्नी अनंतराम कुशवाहा के साथ एक राय होकर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना सोजना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों विपक्षियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# विवाद के दौरान घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर विपक्षी के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में दो ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान दबंग ने विपक्षी को मौके पर दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना की संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कस्बा जाखलौन निवासी अर्जुन पुत्र सरमन साहू ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 5 फरवरी 2026 को रात्रि करीब 8ञ्30 बजे उसका विवाद उसके ही मोहल्ले में रहने वाले गेगू पुत्र आशा रैकवार के साथ हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी अर्जुन ने उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। थाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352, 333, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### साहब... मेरी बहन का विवाह संपन्न कर दीजिए

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का जनपद में उड़ाया जा रहा माखोल

बिन मां की बेटी का विवाह करवाने के लिए भाई भटक रहा है, दर -दर, नहीं हो रही सुनवाई

पीड़िता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर योजना के तहत बिहार संपन्न कराने की उठाई मांग

योजना के प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी पर प्रार्थना पत्र देने के बाद भी विवाह योजना में शामिल न करने का लगाया आरोप

ललितपुर। जहाँ एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्मल वर्ग एवं असहाय तथा विधवा महिलाओं की बेटियों की शादी करवाने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाकर लोगों को सुविधा दी और ऐसे बेटियों का विवाह करवाने के लिए वचनबद्ध है तथा इस क्षेत्र में कार्य भी कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर इसी सरकार के अधीन सरकारी कर्मचारियों की लचर कार्य प्रणाली और शिथिलता के चलते कई ऐसी बेटियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा और वह इस योजना से वंचित रह जाती हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर एक भाई अपनी बहिन के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित हुआ, जहां उसने अधिकारियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर उन पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल न करने का आरोप लगाया और इस योजना के तहत उसने अपनी बहन का विवाह संपन्न कराने की मांग उठाई।

सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरारी निवासी कुमारी काजल पुत्री भुजबल अपने भाई के साथ मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित हुईं, जहां उसने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में उसे शामिल किए जाने की मांग उठाई और संबंधित अधिकारियों पर उदासीनता और लाचार कार्य प्रणाली का आरोप लगाकर उसे इस योजना से वंचित रखने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में अवगत कराया गया है कि उसे सूचना प्राप्त हुई थी कि उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 21 फरवरी 2026 को जनपद में होने जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उसने अपना विवाह संपन्न करने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया था। इसके बाद वह योजना में शामिल किए जाने हेतु समाज कल्याण विभाग में पहुंची, तो वहां पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों ने उसे इस विवाह योजना का लाभ दिलाने से मना करते हुए उसका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया। जबकि वह इस योजना के लिए पात्र लाभार्थी है और उसकी मां की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। युबती का यह भी आरोप है कि उसने समाज कल्याण अधिकारी से भी संपर्क किया, लेकिन उन्होंने दो टूक शब्दों में उसे इस योजना में शामिल करने से मना कर दिया। हालांकि जिला अधिकारी सत्य प्रकाश ने दोनों भाई बहन की बात सुनकर उसे जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाकर उसका विवाह संपन्न करने का आश्वासन दिया।

# दवाई लेने के बहाने मोटरसाइकिल मांगकर ले जाने के बाद वापस न करने का आरोप

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर नाम से विपक्षी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर

ललितपुर। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे पर खडे मध्य प्रदेश के ग्रामीण से उसका ही एक पहचान वाला दवाई लेने के बहाने उसकी मोटरसाइकिल मांग कर ले गया और फिर वह गायब हो गया। ड़ब उसकी बाइक बापिस नहीं मिली, तों उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठाई। समीपवर्ती एमपी के अंतर्गत जनपद टीकमगढ़ के बेरखेड़ी नचनवारा निवासी भजनलाल पुत्र सोर कुशवाहा ने कोतवाली महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 36 जेडडी 1748 से कस्बा महरौनी अपने काम से आया था। इसी दौरान जब वह बानपुर चौराहे पर खड़ा हुआ था, तभी विपक्षी माखन कुशवाहा पुत्र बसौरे निवासी रनगांव थाना मड़ावरा आया और दवाई लेने के बहाने वह उसकी मोटरसाइकिल मांग कर ले गया। उसके बाद विपक्षी उसकी मोटरसाइकिल वापस करने नहीं आया। क्योंकि वह विपक्षी को पूर्व से इसलिए जानता था, क्योंकि वह उसकी वही मोटरसाइकिल खरीदना चाहता था। इस दौरान उसने कई बार बाइक वापस करने के लिए कहा, लेकिन उसने बाइक वापस नहीं की।कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नमाजद विपक्षी के खिलाफ धारा 316(2), में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# मंदिर से घर लौट रही ग्रामीण को दबोच कर गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर चार विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उमरिया में मंदिर से घर लौट रहे एक ग्रामीण को गांव की ही विपक्षियों ने एक राय होकर रास्ते में दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धामकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम उमरिया निवासी जयपाल राजा पुत्र स्वरूप सिंह ने थाना नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 15 फरवरी 2026 को शाम करीब 8ञ्00 बजे वह मंदिर से घर वापस आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में मौजूद शिवम राजा पुत्र जहर सिंह निवासी ग्राम चारोदा थाना मालठोन जिला सागर के साथ धर्मेंद्र राजा पुत्र प्यारे राजा, राजा साहब पुत्र नन्नू राजा, रामू पुत्र बिन्दे एक राय होकर आए और उसे घेरकर गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना नाराहट पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों विपक्षियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# शिवानी के विवाह पर सामाजिक संगठनों ने बढ़ाया सहयोग का हाथ,

## संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर भेंट किए गए उपहार डॉ. संदीप सरावगी बोले 'बेटियों का सम्मान ही समाज की असली पहचान'

**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

झाँसी। जनपद के सराय जमा मस्जिद क्षेत्र निवासी शिवानी छत्रसाल के विवाह अवसर पर सामाजिक संवेदनशीलता और मानवीय सरोकारों की एक भावुक मिसाल देखने को मिली। स्वर्गीय नरेश छत्रसाल की सुपुत्री शिवानी का विवाह 21 फरवरी को संपन्न होना है। पिता के साये के बिना बेटी की जिम्मेदारी संभाल रहीं उनकी माता पुष्पा देवी, जो एक गृहणी हैं, के लिए यह अवसर भावनाओं से भरा हुआ है। ऐसे समय में सामाजिक संगठनों ने आगे बढ़कर न केवल सहयोग का हाथ थामा, बल्कि यह भी संदेश दिया कि समाज अब भी बेटियों के साथ मजबूती से खड़ा है। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में आत्मीयता, सम्मान और अपनत्व का वातावरण दिखाई दिया। बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी उपस्थित जनों ने शिवानी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने अलमारी, सोफा सेट, ट्रॉली बैग, किचन सेट, मिक्सी, प्रेस एवं अन्य आवश्यक घरेलू उपहार भेंट कर विवाह की



तैयारियों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। उपहार भेंट करते समय माहौल भावुक हो उठा और उपस्थित लोगों की आंखों में अपनापन साफ झलक रहा था।डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा, ÷समाज की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब हम बेटियों के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि रखें। बेटी केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है। संघर्ष सेवा समिति का प्रयास रहता है कि हर जरूरतमंद बेटी का विवाह सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न हो। हमारा सहयोग केवल वस्तुओं का नहीं, बल्कि विश्वास और आत्मसम्मान का प्रतीक है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि समिति भविष्य में भी इसी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।कार्यक्रम में मणिकर्णिका वूमेंस क्लब की ओर से सपना सरावगी (चार्टर्ड प्रेसीडेंट), ओमनी राय (प्रेसीडेंट), नूपुर अग्रवाल (वाइस प्रेसिडेंट), संयुक्ता शर्मा (सेक्रेटरी), तमन्ना राय (ट्रेजरार) सहित सीनियर मेंबर्स नेहा तिवारी, अंजलि अग्रवाल, मोना राय, प्रेरणा सहवानी, दीप्ति सोनी और राखी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सनशाइन क्लब से अमित गुप्ता ने भी सहभागिता की। वहीं संघर्ष सेवा समिति की ओर से संदीप नामदेव, वसंत गुप्ता, राजू सेन, ऐश्वर्या सरावगी, सुशांत गुप्ता, अनुज प्रताप सिंह, रिया वर्मा, अंजली विश्वकर्मा, शुभांशु वर्मा, नीतू राय, प्रीप राय, रवि राय (टायर वाले), नवीन गुप्ता (लायन पूर्व मंडल अध्यक्ष), राकेश अहिरवार, सिद्धांत गुप्ता एवं मीना मसीह सहित अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।यह आयोजन केवल एक सहयोग कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, करुणा और बेटियों के प्रति सम्मान का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# एसएसपी द्वारा यातायात समस्या से निदान को लेकर एनएचएआई अधिकारियों के साथ की बैठक



झांसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बीबीजीटीएस मूर्ति ने झाँसी शहर में यातायात समस्या विशेषकर एनएचएआई द्वारा निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के कारण लगने वाले जाम को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि झाँसी नगर क्षेत्र में निर्माण कार्य के चलते हो रहे ट्रैफिक जाम से आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। बैठक में दोनों पक्षों ने निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की तथा संभावित और जाम को दूर करने हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा और निर्देश दिए गए-

ओवर ब्रिज निर्माण के आसपास वाहनों के प्रवाह को व्यवस्थित करने के उपाय ताकि श्चद्गड्डद्म समय में भारी जाम न लगे।

एनएचएआई के अधिकारियों को कठिनाईयों का संवेदनशीलता से अवलोकन करने का निर्देश दिया गया तथा स्थानीय यातायात पुलिस के साथ समन्वय ब?ाने की बात कही गई।

निर्माण स्थल के पास उचित सिग्नलिंग, बैरिकेडिंग एवं मार्ग संकेत सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

जनपदवासियों को होने वाली दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करने हेतु दोनों पक्ष नियमित अनुगमन और समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित करेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है और ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करेंगे ताकि निर्माण कार्य के दौरान भी यातायात व्यवस्था में सुधार और सहजता बनी रहे।

उनका यह भी कहना था कि यातायात की कठिनाइयों को देखते हुए स्थानीय नागरिकों से सहयोग और धैर्य की अपेक्षा की जाती है, तथा जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# बुंदेलखंड कॉलेज में स्काउट एंड गाइड द्वारा पुष्पांजलि और ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ



**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

झांसी प्रवेश निपुण कैंप के द्वितीय दिवस का आरंभ भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ. बृजेश मिश्रा द्वारा पुष्पांजलि और ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ इसके बाद बी. पी. सिक्स व्यायाम किया गया प्रार्थना और झण्डा गीत के बारे में बताया गया । इसके साथ ही स्काउट / गाइड की परिभाषा , उद्देश्य, सिद्धांत आदि पर प्रकाश डाला गया।रोवर/ रेंजर के पूर्व सीनियर लीडर्स रोवर/ रेंजर हरीश रायकवार, शैलजा त्रिपाठी, आशीष आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रश्मि अली, रोवर प्रभारी प्रो. एल.सी. साहू रेंजर लीडर डॉ वंदना कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

# सीपरी बाजार पुलिस द्वारा टप्पेबाज अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## › अभियुक्त के कब्जे से 01 टप्स पीली धातु मय घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद,

**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

झांसी अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनाँक 17.02.2026 को समय करीब 13.46 बजे राजघाट कालोनी पुलिया के पास थाना-सीपरी




बाजार से अभियुक्त विजय कुमार अहिरवार पुत्र स्व रघुनाथ उम्र करीब 48 वर्ष निवासी कुमहर्रा, थाना-ओरछा, जिला-निवाड़ी, म0प्र0 को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से थाना सीपरी बाजार क्षेत्रान्तर्गत टप्पेबाजी किये गये 01 अदद टप्स पीली धातु व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई। उक्त टप्पेबाजी के संबंध में थाना सीपरी बाजार में मु0अ0सं0 57/2026 धारा 303 (2)/318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर टप्पेबाजी किये गये टप्स को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# *मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने किया कलेक्ट्रेट झांसी का वार्षिक निरीक्षण

## लम्बित पुराने राजस्व वादों को अभियान चलाकर 01 माह में निस्तारण किए जाने के निर्देश

सिद्धि सरकार ब्यूरो

झांसी ‒ मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने आज झांसी कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि आमजन से जु?ी सुविधाएँ जैसे कि पीने के पानी की व्यवस्था, उन्हें बैठने की व्यवस्था, अन्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृ? बनाया जाए। उन्होंने जनता दर्शन में आ रही आमजन की शिकायतों को समय से निस्तारण करने में चल रही प्रक्रिया को और निस्तारित शिकायतों को शिकायत रजिस्टर में दर्ज करने पर संतोष व्यक्त किया।

मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने लम्बित राजस्व वादों को अभियान चलाते हुए समयबद्ध निस्तारण किया जाए, इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के वेतन, सेवा पुस्तिका संबंधित प्रकरणों के निस्तारण पर की जा रही कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे ने सर्वप्रथम अभिलेखागार का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिलिपि बस्ता बरदा श्रीमती नेहा सेठ से नकल मांगे जाने हेतु बंदोबस्ता कैसे निकालेंगे की जानकारी ली, इसके अतिरिक्त उन्होंने श्रीमती संध्या अग्रवाल से पत्रावलियों के रिकॉर्ड में दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी ली, उन्होंने पटल पर की जा रही कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया और समस्त पटल प्रभारियों को निर्देश दिए कि फाइलों का रजिस्टर व्यवस्थित तैयार करें, ताकि पत्रावली को तलाशने में समस्या ना रहे।

मा0 अध्यक्ष राजस्व परिषद द्वारा



संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण में जेए पटल से सम्बन्धित जानकारी ली और मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज किए जाने की जानकारी ली और शासनादेश की गार्ड फाईल्स में भी संलग्न करने के निर्देश दिए, सम्बन्धित पत्रावली का निरीक्षण किया। उन्होने पटल पर गार्ड फाइल का निरीक्षण किया और प्राप्त शासनादेशों की जानकारी लेते हुए जीसी अमित साहू से आर.ए. नायब तहसीलदार की सेवा पुस्तिका को अद्यतन पाया।

मण्डलायुक्त ने राजस्व सहायक पटल का निरीक्षण करते हुए सर्विस बुक सम्बन्धित पटल लिपिक श्रीराम साहू से सेवा पुस्तिका सत्यापन विषयक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासनादेश के आधार पर सत्यापन हो एवं कलैन्डर के अनुसार सर्विस बुक का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में जीपीएफ पासबुक के सम्बन्धित जानकारी ली और कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

संयुक्त कार्यालय स्थित आंग्ल अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने शासनादेश की जानकारी ली। रिकार्ड रुम के निरीक्षण पर उन्होंने जो सबसे पुरानी पत्रावली है उसका निरीक्षण किया और साफ सफाई को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए।

संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त श्री बिमल कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों की जानकारी ली और ऐसे प्रकरण जो किसी वजह से लम्बित हैं, तत्काल जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चरित्र प्रमाण पत्र सहित जारी किये जाने वाले अन्य प्रमाण पत्रों की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया तथा पेंशन प्रकरण और पेंशनदाताओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। नजारत का निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने कार्यालय में साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया और निष्प्रयोज्य सामान को एक माह में निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने बताया कि विशेषकर वह जो आमजन हेतु सुविधाएं जिसकी अपेक्षा कलेक्ट्रेट के माध्यम से शासन द्वारा की जाती हैं, उन सभी व्यवस्थाओं को पुनः देखा है,

# सनशाइन क्लब द्वारा प्रथम आम सभा आयोजित

सिद्धि सरकार ब्यूरो

झांसी 7सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सनशाइन क्लब की प्रथम आम सभा होटल यात्रिक में आयोजित की गई।

सीए रोहित जायसवाल के द्वारा वंदे मातरम गायन कराया गया, तत्पश्चात आम सभा का प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम बैदेही शरण सरावगी एवं श्याम मुरारी अग्रवाल के द्वारा अजय अग्रवाल , शिशिर माथुर, राजेश अग्रवाल, एवं मनमोहन अग्रवाल को नए सदस्य के रूप में शपथ दिलाते हुए सनशाइन परिवार में सम्मिलित किया गया। सभी सदस्यों द्वारा नवीन सदस्यों को



हार्दिक बधाई दी गई। सदस्यों द्वारा स्वयं का परिचय दिया गया।

सचिव विलास गुप्ता द्वारा आय-व्यय का लेख। प्रस्तुत किया गया, जो सर्वसम्मति से पारित हुआ।

विगत माह संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के अतिरिक्त आगामी गतिविधियों, नये प्रोजेक्ट्स एवं समाज सेवा के कार्यों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया।

अंत में बैठक सौहार्द वातावरण में समाप्त की गई।

बैठक में अशोक अग्रवाल, पीएनबी, उमेश गुप्ता, संजय यादव, सीए रोहित जायसवाल, अशोक सिंघल, अमित जैन, रामकुमार अग्रवाल, डॉक्टर एल सी अग्रवाल, देवेंद्र जड़िया, शरद पहाड़िया, सुभाष मित्तल, संजय कानोडिया, अमित गुप्ता, अरुण पाठक, अरविंद लोहिया, सुरेंद्र नौगरिया, आशीष कुमार सोनी, संतोष कुमार अग्रवाल, राजीव नगरिया, संदेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, मनीष अग्रवाल, सपन मोटर्स, पंकज अग्रवाल, डा0 दीपक उपाध्याय इत्यादि उपस्थित रहे ।

अंत में सचिव विलास गुप्ता के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## वेंडिंग जोन के व्यापारियों का भी जीएसटी में कराएं रजिस्ट्रेशन- जिलाधिकारी

वाणिज्य कर विभाग द्वारा माह दिसम्बर के लक्ष्य ?146.06 करो? के सापेक्ष ?79.71 करो[] वसूली पर डीएम ने जताया असंतोष

झांसी 7 जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कर-करेत्तर सहित प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समापन मे लगभग 01 माह शेष हैं। सभी विभाग वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्लानिंग करते हुए वसूली में तेजी लाए ताकि जनपद को प्रदत्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जा सके।

वेंडिंग जोन के व्यापारियों का भी जीएसटी में कराएं रजिस्ट्रेशनः- जिलाधिकारी

# वाणिज्य कर विभाग द्वारा माह दिसम्बर के लक्ष्य ?146.06 करोड़ के सापेक्ष ?79.71 करोड़ वसूली पर डीएम ने जताया असंतोष

झांसी जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कर-करेत्तर सहित प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समापन मे लगभग 01 माह शेष हैं। सभी विभाग वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्लानिंग करते हुए वसूली में तेजी लाए ताकि जनपद को प्रदत्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जा सके।

बैठक में कर-करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में विद्युत बाकायदारों की सूची को सार्वजनिक करते हुए बकाया विद्युत बिल वसूल करने के निर्देश दिए। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि विद्युत विभाग के बड़े व अन्य बकायादारों पर फोकस करते हुए सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर बकाया धनराशि का मैसेज भेजे जाएं ताकि विद्युत बकायादारों से बकाया धनराशि को जमा कराया जा सके। वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उपजलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि विभिन्न माध्यमों से विद्युत विभाग की जो भी समस्याएं प्राप्त होती हैं संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनका निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें और निस्तारण की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए इन्फोर्समेंट के कार्यों में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। वाणिज्य कर विभाग द्वारा दिसम्बर माह में ?146.06 करोड़ के सापेक्ष मात्र 79.71 करोड़ की वसूली पर असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने वसूली लक्ष्यपूर्ति के लिए टारगेट फिक्स किया और प्लानिंग करते हुए वसूली बढ़ाए जाने के और इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जीएसटी चोरी के 128 प्रकरणों को पकड़े जाने के साथ ही कर अपवंचन को रोकने के प्रयासों



में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान राज्य उत्पाद शुल्क (आबकारी) विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग द्वारा मासिक लक्ष्य 62.20 करोड़ के सापेक्ष 48.74 करोड़ वसूली पर असन्तोष व्यक्त किया, उन्होंने उपस्थित आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकानों का सत्यापन करते हुए गंदगी पाए जाने पर पेनाल्टी लगाए जाने तथा गाँजा बेचने की शिकायतों पर सख्ती से कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षण संस्थानों के आस-पास नशीले पदार्थों की बिक्री कतई। न हो इसे भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में दुकानों के बाहर अथवा सार्वजनिक स्थलों पर खड़े होकर मदिरा पान करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मालकर, वाहन कर, यात्री कर की समीक्षा करते हुए माह के लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली करने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने शासन द्वारा प्रदत्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के लिए विभाग के सोर्स की जानकारी ली और प्रवर्तन कार्यों को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश देते हुए कार्य करने की नसीहत दी। विभाग द्वारा माह के लक्ष्य ?19.19 करो? के सापेक्ष ?16.98 करो? वसूली पर संतोष व्यक्त किया और वसूली को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में और तेजी लाए जाने और ओवर लोडिंग वाहनों पर चालान के द्वारा वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि लक्ष्य को पूरा वसूला जा सके।

बैठक में अलौह खनन एवं धातुकर्म (खनिज विभाग) की वसूली समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना माइनटेक लगे खनन परिवहन में प्रयुक्त वाहनों पर ओवरलोड के तहत चालान करते हुए वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्थायी चेक पोस्ट के माध्यम से ओवरलोड 82 खनन परिवहन में पकड़े वाहनों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है। उन्हें परिवहन विभाग के साथ जल्द से जल्द सीज करते हुए वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित क करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध खनन को प्रभावी ढंग से रोक लगाने हेतु घाट पर अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा माह जनवरी में मासिक लक्ष्य ?40.84 करोड़ के सापेक्ष ?21.41 करोड़ वसूली पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। खान अधिकारी ने बताया कि माह दिसंबर तक 62 कर अपवंचन में पकड़े वाहनों से ?531.98 लाख की धनराशि जमा कराई गई है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी मनीष गुप्ता, जिला खनिज अधिकारी शैलेंद्र सिंह, अधिशाषी अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय रविन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण सुभाष चंद्र, अतिशासी अभियंता विद्युत रमाकांत दीक्षित सहित व्यापार कर,परिवहन विभाग एंव अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ विधानसभा घेराव को निकले कांग्रेसी रोके गए,सड़क पर धरना



**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

बाँदा।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर मनरेगा के स्वरूप में बदलाव के विरोध में जिले से कांग्रेसी लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए रवाना हुए।शहर के मुख्य मार्ग पर भारी पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया,जिससे आक्रोश फैल गया और पुलिस-कांग्रेसियों के बीच नोकझोंक की स्थिति बन गई।इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठकर धरने पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारे लगाए।धरने पर बैठे जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि मनरेगा गरीबों को रोजगार की गारंटी देने वाली योजना है और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ गरीबों के अधिकारों का हनन है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार दमनकारी नीति अपनाकर आवाज दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी।महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान ने कहा कि योजना में महिलाओं की भागीदारी घटने से गरीब महिलाओं का रोजगार प्रभावित हुआ है।उन्होंने सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही।पुलिस ने धरना दे रहे जिलाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारियों को पकड़कर हिरासत में लिया और उन्हें घरों में नजरबंद कर दिया।मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।इस दौरान कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिसण्डा ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि में अनियमितताओं की जांच की मांग



**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

बाँदा।जनपद के विकासखण्ड बिसण्डा में वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक क्षेत्र पंचायत निधि में शासन से प्राप्त धनराशि के कथित गबन व दुरुपयोग की जांच की मांग की गई है।जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायत पत्र में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कार्यवाहियों और फीडिंग में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।शिकायत में कहा गया है कि कार्यवाही में खण्ड विकास अधिकारी राहुल द्विवेदी का नाम दर्ज है,जबकि संबंधित अवधि में उनका जनपद में कार्यरत होना संदिग्ध बताया गया है।आरोप है कि विभिन्न कार्यों को मनमाने ढंग से पोर्टल पर दर्ज कर शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया।प्रार्थियों ने जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर मामले की गहन जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# तालाब में डूबने से दो वर्षीय बालक की मौत,परिवार में मचा कोहराम



**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

बाँदा।कोतवाली देहात क्षेत्र के चिल्ली ग्राम पंचायत में एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार,प्रमोद कुमार (2 वर्ष) पुत्र योगेंद्र पाल घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।खेलते-खेलते वह पास स्थित तालाब की ओर चला गया और अनजाने में पानी में गिर गया।काफी देर तक नजर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।खोजबीन के दौरान ग्रामीणों की मदद से उसे तालाब से बाहर निकाला गया।परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी करने लगे,लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाबों की घेराबंदी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# गिरफ्तारी न होने पर संविदा विद्युत कर्मियों का धरना

**सिद्धि सरकार ब्यूरो**




बाँदा।कमासिन विद्युत उपकेंद्र में मंगलवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सर्विस संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा संविदा विद्युत कर्मी धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए।11 फरवरी को ग्राम बंथरी में हुई मारपीट की घटना में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से कर्मचारियों में रोष है।प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि सरकार की ओटीएस योजना के तहत बकाया राजस्व वसूली के लिए गांव में उपभोक्ताओं को बिल जमा करने की जानकारी दी जा रही थी।जिन उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया,उनके विद्युत कनेक्शन काटे गए।इसी बात से नाराज ग्राम प्रधान ने चार विद्युत कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी,जिससे सभी घायल हो गए।घटना के संबंध में थाना कमासिन में प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।कर्मचारियों ने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरना जारी रखने की चेतावनी दी।धरना स्थल पर अधिशासी अभियंता,एसडीओ तथा अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र कमासिन भी मौजूद रहे।

# बाँदा में ‘100 कैंप’ अभियान- टीबी व कैंसर स्क्रीनिंग तेज

### 5 टीबी मरीज पॉजिटिव मिले

**सिद्धि सरकार ब्यूरो**




बाँदा।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एनपी-एनसीडी एवं टीबी कार्यक्रम के तहत चल रहे ‘100 कैंप’ अभियान में जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर टीबी व कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 28 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन संचालित रहेगा।अभियान के दौरान स्वास्थ्य इकाइयों पर आने वाले लोगों की सर्वाइकल,ब्रेस्ट और ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की जा रही है।अब तक जनपद में लगभग 60 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं,जिनमें 680 लोगों की ओरल कैंसर,320 लोगों की ब्रेस्ट कैंसर तथा 286 लोगों की सर्वाइकल कैंसर जांच की गई है।टीबी उन्मूलन के तहत 1183 संभावित मरीजों की पहचान कर उनकी ह्न्ञ,एक्स-रे और माइक्रोस्कोपी जांच कराई गई, जिसमें 5 मरीज पॉजिटिव पाए गए। सभी मरीजों का उपचार शुरू कर दिया गया है।अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन शासन को प्रेषित की जा रही है।

# क्रांतिवीर टी-10 सीजन-3 का खिताब सरदार उधमसिंह चैलेंजर्स के नाम



**सिद्धि सरकार ब्यूरो**

बाँदा।स्थानीय राइफल क्लब खेल मैदान में आयोजित मोहित सिंह मेमोरियल क्रांतिवीर टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का फाइनल मुकाबला खुदीराम बोस टाइगर्स और सरदार उधमसिंह चैलेंजर्स के बीच खेला गया।फाइनल में रोमांचक मुकाबले के बाद सरदार उधमसिंह चैलेंजर्स ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खुदीराम बोस टाइगर्स की टीम निर्धारित 10 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।लक्ष्य का पीछा करते हुए सरदार उधमसिंह चैलेंजर्स ने 9.4 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।फाइनल मैच में पौरुष सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खुदीराम बोस टाइगर्स के हैदर रिजवी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।पौरुष सिंह को बेस्ट बल्लेबाज और रोहित यादव को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शेख सादी उज़् ज़मा अतुल अग्रवाल, शेखर शर्मा सहित कई अतिथि मौजूद रहे।लीग अध्यक्ष इंद्रेश जड़िया ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।अंपायरिंग की जिम्मेदारी शमीम हैदर,शब्बर रिजवी दीपांक मेहरा और प्रवीण ने निभाई।

# 10 वर्षीय बच्ची के मूत्राशय से 40 मिमी की पथरी निकाली

### डेढ़ घंटे चला ऑपरेशन

सिद्धि सरकार ब्यूरो



**बाँदा।बबेरू क्षेत्र की 10 वर्षीय बच्ची शिवानी के मूत्राशय से 40 मिमी की पथरी सफल ऑपरेशन के जरिए निकाली गई।बच्ची दिव्यांग और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई गई है,जो कई दिनों से तेज दर्द के कारण लगातार रो रही थी।परिजनों ने कई जगह उपचार कराया लेकिन राहत नहीं मिली।बाद में उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया,जहाँ सर्जन अनूप कुमार सिंह की देखरेख में जांच के बाद ऑपरेशन किया गया।करीब डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन में मूत्राशय से बड़ी पथरी निकाली गई,जिसके बाद बच्ची की हालत सामान्य बताई गई है।**

# नगर पालिका वार्ड स्तर पर शासन द्वारा विकास कार्य हेतु निधि का हो निर्धारण.. एमएलसी जितेंद्र सेंगर



महोबा।विधान परिषद बजट सत्र में नियम 110 के अंतर्गत सदन का ध्यान आकृष्ट कराया कि नगर पालिका विकास हेतु शासन द्वारा निधि नगर पालिका अध्यक्ष को प्रदान की जाती है जबकि निर्वाचित सभासदों को ऐसी कोई पृथक विकास निधि उपलब्ध नहीं कराई जाती द्य विदित है कि सभासद अपने अपने वार्ड के प्रत्यक्ष जन प्रतिनिधि होते हैं तथा क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकता है जैसी सड़क, नाली, पेयजल,प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता आदि से भली-भांति परिचित रहते हैं द्य परंतु स्वतंत्र निधि के अभाव में वह अपने वार्डों की आवश्यकतनुसार एवं त्वरित एवं प्रभावी विकास कार्य करने में असमर्थ रहते हैं इससे वार्ड स्तर पर विकास कार्य प्रभावित होतें है तथा जनता में असंतोष की स्थिति बनी रहती है द्य

प्रदेश सरकार से अपेक्षा है कि..

1..नगर पालिका अध्यक्ष की भांति प्रत्येक वार्ड विकास हेतु प्रथक निधि प्रदान की जाए

2.. निधि के उपयोग हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

3..वार्ड वार संतुलित एवं समता मूलक विकास सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक संशोधन किया जाए ,अतः लोक महत्व के तात्कालिक एवं अभिलंबनीय सुनिश्चित विषय पर सदन में सरकार से वक्तव्य एवं चर्चा कराए जाने की मांग करता हूं

# फाल्गुन अमावस्या पर लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा बुंदेलखंड की खुशहाली व तरक्की के लिए की प्रार्थना

### शिवतांडव मंदिर के अधूरे निर्माण पर जताई नाराजगी

महोबा। फाल्गुन अमावस्या पर ब्रह्म मुहूर्त में बुंदेलों ने आध्यात्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की पांच किलोमीटर लंबी परिक्रमा लगाई एवं मार्ग में आने वाले हजारों वर्ष पुराने सभी मंदिरों में मत्था टेंक कर बुंदेलखंड की खुशहाली व तरक्की के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा ऐतिहासिक शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई जिसके अधूरे निर्माण कार्य पर श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताई एवं शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई।

परिक्रमा की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि प्रभु श्री राम व गुरू गोरखनाथ से गहरा संबंध होने की वजह से पूरे क्षेत्र में गोरखगिरि पर्वत पर लोगों की




श्रद्धा चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह है। मान्यता है कि यहां 84 सिद्ध संतों का वास है। हर अमावस्या व पूर्णिमा को गोरखगिरि की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य लाभ हासिल करते हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के अंतर्गत ऐतिहासिक शिव तांडव मंदिर का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे भक्तों को काफी दिक्कत हो रही है। परिक्रमा शिवतांडव से शुरू होकर पठवा के हनुमान जी, महावीरन, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खो खो माता, शनिदेव, राम कृष्ण, छोटी चंडिका, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव में संपन्न हुई। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, अवधेश गुप्ता, डा. देवेंद्र पुरवार, मनीष जैदका, गया प्रसाद, सिद्धे सेन, महेन्द्र, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद, अन्नू, नीरज पुरवार, अमित शिवहरे,राजेश शुक्ला व चंद्रभान समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

महोबा।विकासखंड के सभागार में उपनिदेशक पंचायती राज चित्रकूट धाम मंडल बांदा परवेज आलम खान के निर्देशन में दो दिवसीय ग्राम पंचायत विकास योजना पर पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण में विकासखंड की 52 पंचायतो के चार - चार प्रतिनिधि सदस्यों ने सहभागिता कर 73वा संविधान संसोधन अधिनियम 1992की विस्तृत जानकारी हासिल की प्रशिक्षण का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता व एडीओ पंचायत ओमकार नाथ द्वारा किया गया उन्होंने सदस्यों को संबोधित कर बताया कि पंचायत का विकास तभी संभव है जब सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी होती है कुछ प्रतिभागिनियों के स्वयं के प्रश्नों का भी समाधान किया प्रशिक्षण




का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर महोबा के द्वारा किया गया मास्टर ट्रेनर राम अवतार नामदेव ने 73 संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के बारे में अधिनियम की विशेषताएं बतायी, साथ हीं ग्राम पंचायत की 6 उप समितियां के बारे में कार्य प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया ग्राम की वार्षिक कार्य योजना बनाने में जीपीडीपी ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के पांच चरण बताएं इसके साथ ही मास्टर ट्रेनर सुश्री संतोषी शर्मा द्वारा मातृभूमि योजना, पंचायत कल्याण कोस व एकीकृतशिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) को समझाया गया, तत्पश्चात डीपीआर सी महोबा के सहायक फैकल्टी इंचार्ज श्री इरफान खान द्वारा प्रतिभागियों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता के महत्व व पंचायतीराज के ढांचे पर प्रकाश डाला गया प्रशिक्षण में 116 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं पंचायत ऐचाना से राकेश, बराय से सुरेंद्र पडोरा से शिवपति पाठा से मंजू नौसारा से खेर सिंह फतेहपुर से अंजना जतौरा से महेंद्र सिंह आदि पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

संपादकीय

## बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा।

रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आइएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी।

कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

# राजनीतिक संरचना में व्यापक बदलाव के संकेत

आनंद कुमार

**बांग्लादेश की जनता ने परिवर्तन को चुना है, उथल-पुथल को नहीं। इस राजनीतिक संक्रमण की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि नई सरकार लोकतांत्रिक गरिमा, आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सद्भाव को किस हद तक सुनिश्चित कर पाती है।**

बांग्लादेश का आम चुनाव उसके राजनीतिक इतिहास के सबसे निर्णायक मोड़ में से एक माना जाएगा। जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया और लंबे समय से प्रभावी रही उनकी पार्टी अवामी लीग के प्रभुत्व का अंत किया, के बाद यह पहला आम चुनाव था। इस चुनाव ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को स्पष्ट जनादेश दिया।

पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के साथ बांग्लादेश एक नए राजनीतिक युग की ओर बढ़ रहा है, जो पीढ़ीगत परिवर्तन, वैचारिक पुनर्संतुलन और क्षेत्रीय कूटनीतिक समीकरणों से प्रभावित होगा। यह चुनाव केवल अंतरिम सरकार को बदलने की प्रक्रिया नहीं था, जिसका नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस कर रहे थे। यह उस गहरे राजनीतिक संकट के बाद देश की दिशा तय करने का प्रयास था, जिसने 2024 में पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया। जुलाई 2024 का आंदोलन शुरुआत में सरकारी नौकरियों में आरक्षण नीति के विरोध से शुरू हुआ था, पर जल्द ही यह व्यापक असंतोष का रूप ले बैठा। सैकड़ों लोगों की मौत ने सरकार की वैधता को गंभीर रूप से प्रभावित किया और अंततः सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। अंतरिम सरकार ने लोकतांत्रिक पुनर्स्थापना और संस्थागत सुधारों का वादा किया और इसी क्रम में 13वां संसदीय चुनाव और संवैधानिक सुधारों पर जनमत संग्रह आयोजित किया गया। इसका परिणाम न केवल सत्ता परिवर्तन है, बल्कि राजनीतिक संरचना में व्यापक बदलाव का संकेत भी है।



इस चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता अवामी लीग की अनुपस्थिति रही। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के आधार पर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया गया, लेकिन उसकी अनुपस्थिति ने दशकों से चली आ रही द्विदलीय प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर दिया और चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े किए। 1990 के बाद से बांग्लादेश की राजनीति अवामी लीग और बीएनपी के बीच घूमती रही। बीएनपी की जीत उसके लिए पुनरुत्थान और परीक्षा, दोनों है। वर्षों तक विपक्ष में रहने और आंतरिक चुनौतियों से जूझने के बाद पार्टी ने नई ऊर्जा के साथ वापसी की है।

तारिक रहमान का नेतृत्व एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल अंतरिम प्रशासन से सत्ता हस्तांतरण नहीं है, बल्कि उनकी मां एवं पूर्व पीएम खालिदा जिया और शेख हसीना के युग से आगे बढ़ने का संकेत भी है। हालांकि बांग्लादेश में वंशवादी राजनीति का प्रभाव बना हुआ है, फिर भी रहमान ने अपने चुनाव अभियान में अपेक्षाकृत संयमित और व्यावहारिक रुख अपनाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था, आर्थिक सुधार और युवाओं के लिए रोजगार पर जोर दिया। भारत के प्रति उनका रुख नरम रहा, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं का संकेत देता है।

अपनी मां के निधन के कारण विजय उत्सव स्थगित करने का उनका निर्णय राजनीतिक परिपक्वता का संदेश देता है। चुनाव का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू जमात-ए-इस्लामी का उभार है। वह मुख्य विपक्षी शक्ति के रूप में उभरी है। उसका प्रदर्शन यह दर्शाता है कि बांग्लादेश की राजनीति में राजनीतिक इस्लाम की उपस्थिति अब भी प्रभावशाली है। हालांकि वह सत्ता में नहीं पहुंची, लेकिन उसकी सीटों में वृद्धि महत्व रखती है। उसका उभार देश के पंथनिरपेक्ष तबकों और पड़ोसी देशों में चिंता का विषय रहेगा।

2024 के आंदोलन से उभरी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। क्रांतिकारी ऊर्जा को संगठित राजनीतिक शक्ति में बदलना आसान नहीं होता और यही उसके साथ हुआ। जमात-ए-इस्लामी के साथ उसका गठबंधन उसके समर्थकों के बीच असमंजस का कारण बना। यह अनुभव दर्शाता है कि जनांदोलन से निकली ताकतों को संस्थागत राजनीति में टिके रहने के लिए मजबूत संगठन और संसाधनों की आवश्यकता होती है।

इस चुनाव ने सामाजिक चुनौतियों को भी उजागर किया। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सीमित रही, जबकि 2024 के आंदोलन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय थी। आर्थिक मोर्चे पर नई सरकार के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्यात, विशेषकर परिधान उद्योग पर निर्भर है। राजनीतिक अस्थिरता ने निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया है। जुलाई राष्ट्रीय चार्टर के तहत प्रस्तावित संवैधानिक सुधार यह तय करेंगे कि कार्यपालिका की शक्ति सीमित होगी या नहीं? भारत के लिए बांग्लादेश केवल पड़ोसी नहीं, रणनीतिक साझेदार है। करीब 4,000 किमी लंबी साझा सीमा, पूर्वोत्तर भारत के लिए संपर्क मार्ग और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे दोनों देशों को जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देकर यह संकेत दिया है कि भारत व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएगा। हालांकि शेख हसीना की भारत में मौजूदगी कूटनीतिक जटिलता पैदा कर सकती है। चीन भी इस बदलाव पर नजर रखेगा, क्योंकि उसके निवेश और सामरिक हित जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से हालिया संपर्क भी क्षेत्रीय समीकरणों में नया तत्व जोड़ता है, हालांकि ऐतिहासिक संदर्भ गहरे रणनीतिक बदलाव की संभावना को सीमित करता है।

# राज्यों के फिजूलखर्च पर लगाम जरूरी

रजनी सिन्हा

केंद्र सरकार पिछले पांच वर्षों में राजकोषीय मजबूती के पथ पर बढ़ती रही है। राजकोषीय घाटा और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात वित्त वर्ष 2021 (महामारी काल) में 9.2 फीसदी के उच्च स्तर से गिरकर वित्त वर्ष 2026 में 4.4 फीसदी पर आ गया और वित्त वर्ष 2027 के लिए लक्ष्य 4.3 फीसदी निर्धारित किया गया है। पिछले वर्षों की तुलना में वित्त वर्ष 2027 में सुदृढ़ीकरण यानी मजबूती की गति धीमी दिख रही है।

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 31 तक ऋण-जीडीपी अनुपात को वर्तमान 56 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी (1 फीसदी कम या ज्यादा) करने के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसका तात्पर्य यह है कि यदि नॉमिनल जीडीपी वृद्धि तेज बनी रहती है और सरकारी ऋण निर्धारित योजना के अनुरूप घटता है, तो केंद्र सरकार राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को क्रमिक रूप से और अधिक बढ़ा सकती है।

कर संग्रह में कमी की चिंताओं के बावजूद केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 फीसदी तक प्राप्त करने में सफल रही। लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व में कमी की भरपाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिक लाभांश अंतरण और कम व्यय (मुख्य रूप से राजस्व व्यय) से हुई, जिससे सरकार साल के लिए अपने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम रही।

वित्त वर्ष 2027 के लिए भी राजकोषीय गणित का लक्ष्य हासिल करने योग्य प्रतीत होता है। सरकार ने सकल कर राजस्व में 8 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य रखा है, जो अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 10 फीसदी को देखते हुए उचित लगता है। वित्त वर्ष 2027 में आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से लगभग 3.2 लाख करोड़ रुपये का लाभांश अंतरण भी इसमें सहायक होगा। आरबीआई द्वारा उच्च लाभांश अंतरण संभवतः डॉलर की बिक्री (विदेशी मुद्रा हस्तक्षेप) और उच्च ब्याज आय से आरबीआई के अच्छे लाभ के कारण हो सकता है। दिलचस्प यह है कि सरकार ने परिसंपत्ति मुद्रीकरण सहित विनिवेश का उच्च लक्ष्य लगभग 80,000 करोड़ रुपये रखा है, जबकि वित्त वर्ष 2026 के लिए यह लगभग 35,000 करोड़ रुपये अनुमानित था। पिछले तीन वर्षों से सरकार लगभग 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य निर्धारित करती रही है और इसे भी हासिल करने में सफल नहीं हो पाई है। इसलिए, वित्त वर्ष 2027 के लिए उच्च विनिवेश लक्ष्य की प्राप्ति गौर करने लायक होगी। व्यय के मोर्चे पर यह उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्र ने वित्त वर्ष 2027 में कैपेक्स के लिए लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा है, जो वार्षिक आधार पर 12 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। कुल कैपेक्स (जिसमें केंद्र द्वारा कैपेक्स के लिए अनुदान और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कैपेक्स शामिल है) लगभग 22 लाख करोड़ रुपये तय है, जो वार्षिक आधार पर 20 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सापेक्ष कुल कैपेक्स (केंद्र का कैपेक्स + कैपेक्स के लिए अनुदान + केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कैपेक्स) वित्त वर्ष 2027 में बढ़कर 5.6 फीसदी होने का अनुमान है, जो पिछले चार वर्षों में 5.1-5.2 फीसदी के बीच था। कुल व्यय में केंद्र के पूंजीगत व्यय का हिस्सा वित्त वर्ष 2027 में बढ़कर 23 फीसदी होने का अनुमान है, जबकि महामारी से पूर्व की अवधि (वित्त वर्ष 2015-19) में यह औसतन 13 फीसदी था।

सड़कों और रेलवे पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, वित्त वर्ष 2027 में रक्षा व्यय में 17 फीसदी की तीव्र वृद्धि तय हुई है। यह वित्त वर्ष 2026 में रक्षा खर्च में हुई 16 फीसदी की उच्च वृद्धि से भी ज्यादा है।

केंद्र सरकार ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और गुणवत्तापूर्ण व्यय की दिशा में अपना कदम जारी रखा है, लेकिन सुदृढ़ीकरण की गति धीमी हो गई है। इससे सरकार को वैश्विक अस्थिरता के बीच घरेलू मांग और वृद्धि को सहारा देने में लचीलापन मिलता है।

सरकार के लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण और विनिवेश से अधिक राजस्व जुटाना अहम होगा। साथ ही, पूंजीगत व्यय के लिए उस राजस्व को अलग रखना भी उचित होगा। योजनाओं के तहत मुफ्त वितरण और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में कमी के कारण कुछ राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति में दबाव के संकेत उभर रहे हैं। समग्र सरकारी ऋण स्तर को सुधारने के लिए राज्य सरकारों द्वारा विवेकपूर्ण व्यय को प्रोत्साहित करना अहम होगा।

केंद्र सरकार द्वारा राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की गति धीमी करने से, आने वाले कुछ वर्षों में उच्च डेट रिडेम्पशन के कारण ऋण बाजार पर दबाव बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2027 में, डेट रिडेम्पशन लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर है (पिछले पांच वर्षों के औसत लगभग 2.9 लाख करोड़ रुपये की तुलना में)। अगले तीन वर्षों में, डेट रिडेम्पशन 6 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहने की संभावना है। यही नहीं, वित्त वर्ष 31 में इसमें और वृद्धि होगी। इसके साथ ही राज्य सरकारों द्वारा अधिक उधार लेने से सरकारी यील्ड पर भी दबाव बढ़ेगा।

देवगढ़ की आत्मा का वनवास !कब लौटेंगे अपने धाम भगवान नृवराह?

# निर्वासित जीवन जीने को अभिशप्त हैं भगवान !कोर्ट ने तस्करों को सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा ताज़ा हुई कुछ विस्मृत यादें

लेखक- राजीव श्रीवास्तव



उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में बेतवा नदी के तट पर स्थित देवगढ़, जिसे %बेत्रवती की गोद% कहा जाता है, केवल पत्थरों का शहर नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत दस्तावेज है। यहाँ के मंदिरों में भगवान विष्णु का %नृवराह% (वराह) स्वरूप क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता था। किंतु तीन दशक पहले हुई एक क्रूरतम घटना ने देवगढ़ की इस %आत्मा% को टुकड़ों में बाँटकर उसके मूल स्थान से जुदा कर दिया। बाद में जन आंदोलन के भारी दबाव में मूर्ति को टुकड़ों के रूप बरामद कर लिया गया । इस अपराध को न्यायालय ने भी संस्कृति पर डकैती मानते हुए आरोपियों को आजन्म कारावास की सज़ा से दंडित कर नज़ीर पेश की, लेकिन तब से लेकर आज तक पुरातात्व एवं मूर्ति कला ये बेजोड़ मूर्ति पुरातत्व विभाग के मालखाने में धूल फाँक रही है ।वह काली रात-चोरी की यह वारदात 26/ 27 सितंबर 1990 की दरमियानी रात थी । अंतरराष्ट्रीय तस्करों के एक गिरोह ने देवगढ़ के घने व शांत जंगलों प्राचीन नृ वराह मंदिर को निशाना बनाया।तस्करों ने इस विशालकाय और भारी मूर्ति को आधार से काटने और उखाड़ने के लिए तीन दिनों तक जंगल में डेरा डाला था। मूर्ति इतनी भारी थी कि उसे बिना क्रेन और चरखी के हिलाना असंभव था। इस लिए उसे तीन भागों में काट दिया गया । तस्करों ने एक ट्रक का उपयोग किया और बीहड़ रास्तों से इसे जिले की सीमा पार ले जाने की योजना बनाई।आक्रोश व आमरण अनशन-जब सुबह लोग देवगढ़ के पहाड़ पर स्थित नृ वराह मंदिर पहुँचे तो गर्भगृह सूना मिला, मूर्ति अपने स्थान से ग़ायब थी। इस घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैली और पूरे ललितपुर में कोहराम मच गया। पुरातत्व विभाग की लापरवाही के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई।आमरण अनशन- ललितपुर के ऐतिहासिक घंटाघर प्रांगण में वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा व राजीव श्रीवास्तव ( लेखक स्वयं ) के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों, और समाजसेवियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। विरोध में बाज़ार बंद हो गए ।प्रशासनिक हलचल-भारी जन आंदोलन के दबाव में तत्कालीन एसपी वी.के. बाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस ने चौतरफा घेराबंदी की ।जनदबाव इतना था कि लखनऊ तक की सरकार हिल गई थी।बरामदगी और गिरफ्तारियां-पुलिस की मुस्तैदी और स्थानीय मुखबिरों (चरवाहों) की सूचना पर अक्टूबर 1990 के प्रथम सप्ताह में मूर्ति को बरामद कर लिया गया। इस कांड में अमर सिंह, राजाराम और उनके स्थानीय मददगारों को धर दबोचा गया।तस्करों का नेटवक-जांच में अलीगढ़ के कुख्यात अंतरराष्ट्रीय मूर्ति तस्कर शैतान सिंह का नाम मुख्य सूत्रधार के रूप में सामने आया। हालांकि वह चालाकी से पुलिस की पकड़ से बचता रहा, लेकिन उसके पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ जो मूर्तियों को नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बेचता था। उस समय इस 1400 वर्ष पुरानी मूर्ति की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में पाँच करोड़ रुपये बताई गई थी ।न्याय का ऐतिहासिक अध्याय, न्यायाधीश विष्णु दत्त द्विवेदी का फैसला- इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु दत्त द्विवेदी की अदालत में हुई। उन्होंने एक ऐसा फैसला सुनाया जो नजीर बन गया। न्यायाधीश ने मूर्ति चोरी को केवल संपत्ति का नुकसान नहीं, बल्कि ÷सांस्कृतिक डकैती÷ माना और अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।यह भारत में संभवतः पहला ऐसा मामला था जहाँ मूर्ति चोरी के लिए इतनी कठोरतम सजा दी गई, जिसने तस्करों के गिरोह की कमर तोड़ दी।एएसआई की बेरुखी और धूल फांकती विरासत-विडंबना देखिए कि जिस मूर्ति को बचाने के लिए जनता ने आमरण अनशन किया और न्यायपालिका ने कठोतम रुख अपनाया, वह आज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (स्ढ्ढ) की फाइलों और संग्रहालयों की धूल फांक रही है।देवगढ़ संग्रहालय या सुरक्षित कक्षों में रखी यह प्रतिमा उचित रखरखाव और प्रदर्शन के अभाव में अपनी चमक खो रही है।

सूना मंदिर-देवगढ़ का वह मूल मंदिर जहाँ भगवान नृवराह विराजते थे, आज केवल एक ऊँचा चबूतरा और वीरान खंडहर बनकर रह गया है। एएसआई ने सुरक्षा के नाम पर मूर्ति को उसके भक्तों और उसके मूल स्थान से दूर कर दिया है।यक्ष प्रश्न ये है कि कब लौटेंगे भगवान नृवराह?आज देवगढ़ का हर पत्थर यह सवाल पूछता है कि क्या सुरक्षा के नाम पर किसी भगवान को उनके ही धाम से निर्वासित रखना उचित है?ललितपुर की जनता चाहती है कि आधुनिक सुरक्षा तकनीकोंके साथ भगवान नृवराह को पुनः उनके मूल स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाए।जब तक भगवान नृवराह अपने मंदिर में पुनः स्थापित नहीं होते, तब तक देवगढ़ की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना अधूरी है। यह केवल एक मूर्ति की वापसी नहीं, बल्कि ललितपुर के गौरव और विश्वास की वापसी होगी।

# इस जीत से मनोबल बढ़ा है : ईशान किशन



एजेंसी, कोलंबो

**पाकिस्तान के खिलाफ** टी20 विश्वकप **क्रिकेट टूर्नामेंट में** आक्रामक पारी **खेलकर भारतीय** टीम की जीत **में अहम भूमिका** निभाने से **उत्साहित ईशान** किशन ने **कहा है कि उन्हें** हमेशा से ही **अच्छा प्रदर्शन** करने का भरोसा **था। ईशान ने पाक** के खिलाफ पारी **की शुरुआत करते हुए** 40 गेंदों पर ही **77 रन बनाये थे जिससे** भारतीय टीम **एक अच्छे स्कोर तक** पहुंचने में सफल **रही थी। बाएं हाथ के इस** बल्लेबाज ने **कहा है कि पाक के खि**लाफ मिली इस **शानदार जीत से टीम** का मनोबल और **भी अधिक बढ़ा है**। इशान ने स्पिनरों **की सहायक पिच पर** 40 गेंद में 10 **चौके और तीन छक्के** लगाकर पाक **की गेंदबाजी को ध**वस्त कर दिया। **उन्होंने दूसरे विकेट** के लिए तिलक **वर्मा के साथ 87** रन जोड़े। तिलक ने **भी 25 रन बनाये। भारतीय** टीम ने पहले **बल्लेबाजी करते हुए 175 रन** बनाने के बाद **पाकिस्तान को तय ओवरों से प**हले ही 114 रनों **पर समेट कर टीम को 61 रनों** से जीत दिला दी। ईशान ने कहा, 'शुरुआत में इस विकेट पर खेलना आसान नहीं था पर उन्होंने अपने पर भरोसा बनाये रखा जिससे उन्हें सफलता मिली। उन्होंने अपने मजबूत पक्षों का भी ध्यान रखा। अपने ऑफ-साइड खेल पर मेहनत करने के साथ ही चीजों को सरल बनाये रखा।' वह चाहते थे कि टीम 160 से 170 रन तक पहुंच जाये। इशान किशन ने कहा कि उन्हें खुद पर भरोसा था. वह जानते थे कि इतने रन बनाने पर टीम अच्छी स्थिति में रहेगी। उन्होंने कहा, 'भारत और पाक का मुकाबला हमेशा ही विशेष होता है। केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ये जीत मायने रखनती है। अब हम इस जीत के सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे।' उन्होंने जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'जब शाहीन गेंदबाजी कर रहे थे तो मुझे नहीं लगा कि तेज गेंदबाजों के लिए पिच से ज्यादा सहायता मिल रही है, पर बुमराह और पंड्या ने उन दो ओवरों में ही हालात बदल दिये। ' भारत टीम इस इस मैच में मिली आसान जीत के साथ ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। पाक की ओर से उस्मान खान 44 और शाहीन शाह अफरीदी नाबाद 23 ही भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि सभी विफल रहे।

## मुझे अपने पर भरोसा था

# टी20 विश्व कपः ओमरजई के हरफनमौला प्रदर्शन से अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली



आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के 28वें मुकाबले में अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में अजमतुल्लाह ओमरजई ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान ने यूएई को 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन पर रोक दिया था। इसके बाद 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर यूएई के जुनैद सिद्दीकी ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर दिया। गुलबदीन नैब और इब्राहिम जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन जोड़े। जादरान ने हैदर अली के एक ओवर में चार चौके लगाकर 18 रन बटोरे। हालांकि छठे ओवर में नैब अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सिदीकुल्लाह अतल ने जादरान के साथ तीसरे विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी की, लेकिन वह 14 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गए। जादरान ने 41 गेंदों में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। दरविश रसूली ने अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। रसूली ने 23 गेंदों में 33 रन बनाए। अंतिम पांच ओवर में 52 रन की आवश्यकता थी, लेकिन ओमरजई ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला अफगानिस्तान के पक्ष में कर दिया। ओमरजई 21 गेंदों में नाबाद 40 रन (2 चौके, 3 छक्के) बनाकर लौटे और अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। यूएई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टीम के लिए अलीशान शराफू ने 31 गेंदों में 40 रन और सोहैब खान ने 48 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए। मुजीब उर रहमान ने दो विकेट झटके। कप्तान राशिद खान ने भी एक विकेट हासिल किया और इसी के साथ टी-20 क्रिकेट में अपने 700 विकेट पूरे कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। अफगानिस्तान का अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला कनाडा के खिलाफ गुरुवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं यूएई की टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# वैभव बोर्ड परीक्षा नहीं देंगे, आईपीएल पर ही ध्यान देंगे

एजेंसी, पटना



हाल ही में अंडर-19 विश्वकप में धमाकेदार बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय टीम के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आईपीएल पर ही ध्यान देंगे और इस बार दसवी की सीबीएसई परीक्ष में नहीं बैठेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार वैभव ने ये फैसला इसलिए लिए है क्योंकि उनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी नहीं हुई है। ऐसे में वह इस बार परीक्षा नहीं देते हुए आईपीएल के लिए अभ्यास करेंगे। वैभव ने ट्रेनिंग, कैंप और टूर्नामेंट्स के व्यस्त कार्यक्रम के कारण इस बार बोर्ड परीक्षा छोड़ने का फैसला किया है. वैभव बिहार के ताजपुर के मोडेस्टी स्कूल में पढ़ते हैं और उनकी परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च तक होनी थी। रिपोर्ट के अनुसार लगातार क्रिकेट खेलने के कारण वैभव घर और स्कूल से दूर रहे, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी नहीं हो पायी है। वहीं इससे पहले स्कूल के डायरेक्टर ने कहा था कि वैभव का परीक्षा फॉर्म जमा हो गया था. उनका एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया था। परीक्षा केंद्र के तौर पर पोदार इंटरनेशनल स्कूल तय किया गया थ पर वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी से चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया कि वह इस साल परीक्षा नहीं देंगे। वैभन अब आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से भी खेलते दिखेंगे। वह अंडर-19 विश्वकप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने सात मैचों में 62.71 की औसत और 169.49 के स्ट्राइक रेट से 439 रन बनाए, जिसमें एक शतक, तीन अर्धशतक और 175 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। वैभव ने टूर्नामेंट में 30 छक्के लगाकर रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2022 में दक्षिण अफ्रीका के डेवॉल्ड ब्रेविस के 18 छक्कों से काफी ज्यादा है। अब वह विश्वकप इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# रोहित और अकरम गर्मजोशी से मिले, सोशल मीडिया में आई तस्वीरें



एजेंसी, कोलंबो

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को हुए टी20 विश्वकप मुकाबले में जहां भारतीय टीम ने पाक खिलाड़ियों से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पाक के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम गर्मजोशी से मिले। इस दोनों के बीच काफी अच्छी कैमेस्ट्री नजर आयी। ये दोनो ही गले मिलते देखे गये। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। रोहित और अकरम को मैच से पहले बातचीत करते, हाथ मिलाते और गले लगते देखा गया। रोहित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर कोलंबो पहुंचे थे जबकि अकरम कमेंटेटर के रुप में यहां आये है। रोहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी मिले और उनसे हाथ मिलाया और शुभकामनाएं दीं। भारत-पाक मैच से पहले रोहित और अकरम आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के साथ मिलकर टी20 विश्व कप की ट्रॉफी मैदान पर लेकर पहुंचे। इससे पहले दोनों ने दोस्ताना अंदाज में बातचीत की, फोटो खिंचवाई और एक-दूसरे को गले भी लगाया। प्रशंसकों ने इन दोनो दिग्गजों की इस मुलाकात को बेहद पसंद किया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर भी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने पाक को आसानी से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने आठवीं बार पाक को हराया।

# फिडे फ्रीस्टाइल वर्ल्ड चैंपियनशिप : मैग्नस कार्लसन बने पहले आधिकारिक चैंपियन

एजेंसी, जर्मनी



नॉर्वे के विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए पहले आधिकारिक फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को 2.5–1.5 से हराकर खिताब जीता। वाइसेनहाउस में खेले गए चार गेम के फाइनल मुकाबले में कार्लसन ने चौथा और अंतिम गेम ड्रॉ खेलकर खिताब पक्का किया। 35 वर्षीय कार्लसन को निर्णायक मुकाबले में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने बराबरी के एंडगेम में यह परिणाम हासिल कर लिया। 33 वर्षीय कारुआना वापसी के कुछ अवसरों को भुना नहीं सके। रविवार को खेले गए तीसरे गेम ने मैच की दिशा बदल दी। कार्लसन ने लगभग हारी हुई स्थिति से शानदार जीत दर्ज कर मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। यही जीत अंततः निर्णायक साबित हुई। इस खिताब के साथ कार्लसन अब विभिन्न प्रारूपों में कुल 21 विश्व खिताब अपने नाम कर चुके हैं। यह विश्व चैंपियनशिप फिडे और निजी आयोजक फ्रीस्टाइल चेस के बीच सहयोग का परिणाम थी। यह इस प्रारूप में पहला आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त खिताब रहा। इससे पहले कार्लसन फिडे फिशर रैंडम विश्व चैंपियनशिप नहीं जीत पाए थे, इसलिए यह जीत उनके लिए खास मानी जा रही है। कांस्य पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। अंतिम गेम ड्रॉ रहने के बावजूद अब्दुसत्तोरोव ने जीत सुनिश्चित की। कार्लसन, कारुआना और अब्दुसत्तोरोव ने अगले वर्ष होने वाली चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। पांचवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में अमेरिका के हांस नीमन ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को 2-0 से हराया। वहीं सातवें स्थान के लिए आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को आर्मगेडन गेम में मात दी। महिला प्रदर्शनी मुकाबले में कजाखस्तान की बिबिसारा अस्साउबायेवा ने स्विट्जरलैंड की अलेक्जांद्रा कोस्टेनियुक को हराया। अंतिम मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद भी अस्साउबायेवा विजेता रहीं।

## व्यापार

# शुरुआती घंटे में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, सीमित दायरे में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच सीमित दायरे में कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गए। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, कोल इंडिया, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी और ओएनजीसी के शेयर 2.40 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर जियो फाइनेंशियल, इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अदानी पोर्ट्स और अडानी इंटरप्राइज के शेयर 1.57 प्रतिशत से लेकर 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,646 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 858 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,788 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 146.36 अंक की कमजोरी के साथ 82,480.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण यह सूचकांक पहले 20 मिनट में ही उछल कर हरे निशान में 82,786.40 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 130.75 अंक की मजबूती के साथ 82,757.51 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.50 अंक टूट कर 25,423.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक रिकवरी कर 25,528.45 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में कमजोरी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 30.40 अंक की तेजी के साथ 25,501.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,626.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,471.10 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

# घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी सात हजार रुपये तक टूटी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज दिन के पहले सत्र के कारोबार में सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है, जबकि चांदी के भाव में सात हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 1,57,740 रुपये से लेकर 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,590 रुपये से लेकर 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# टाटा पंच ईवी कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में बना रही खास पहचान



नई दिल्ली। भारतीय बाजार में टाटा पंच.ईवी कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अपनी खास पहचान बना रही है। पेट्रोल पंच के इलेक्ट्रिक संस्करण के रूप में आई यह एसयूवी शहर की तंग सड़कों से लेकर हाईवे तक बेहतरीन नियंत्रण और गति का अनुभव कराती है। 3,857 मिमी लंबी और 2,445 मिमी व्हीलबेस वाली टाटा पंच.ईवी शहरी ट्रैफिक में बेहद सहज लगती है। इसका 4.9 मीटर टर्निंग रेडियस भी इसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में आसानी से चलाने योग्य बनाता है। वहीं इसके टॉप वेरिएंट में दी गई 120 बीएचपी की मोटर और 190 एनएम टॉर्क इसे अपने सेगमेंट की सबसे फुर्तीली इलेक्ट्रिक एसयूवी में शामिल करते हैं। यह 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार 9 सेकंड से भी कम में पकड़ लेती है, जो लगभग रुपए 14.44 लाख की कीमत में प्रभावशाली परफॉर्मेंस मानी जाती है। राइड क्वालिटी के मामले में भी टाटा पंच अपनी मजबूती साबित करती है। बैटरी पैक फ्लोर में होने से कार की स्थिरता बढ़ती है और खराब सड़कों पर इसका सस्पेंशन बेहतरीन संतुलन दिखाता है। हल्की गति पर मोड़ लेते समय थोड़ा स्लिपेज जरूर महसूस हो सकता है, लेकिन समग्र अनुभव संतुलित और भरोसेमंद रहता है। अब टाटा मोटर्स 20 फरवरी को टाटा पंच.ईवी के फेसलिफ्ट मॉडल को पेश करने जा रही है। इसमें नया फ्रंट डिजाइन, क्लोज्ड ग्रिल, अपडेटेड हेडलैंप हाउसिंग और स्किड प्लेट जैसे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा नए कलर ऑप्शन और ईवी बैज की जगह टाटा ईवी बैज मिलने का अनुमान है।

# स्नैपडील पर बीआईएस मानकों का उल्लंघन करने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना




नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन का अनुपालन नहीं करने वाले खिलौने बेचने के मामले में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्नैपडील पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने जरूरी खिलौने (गुणवत्ता नियंत्रण) ऑर्डर, 2020 और बीआईएस मानक का उल्लंघन करके खिलौनों बेचने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों और सेलर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सीसीपीए ने स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) पर अपने प्लेटफॉर्म पर नॉन-बीआईएस कंप्लायंट खिलौनों की बिक्री को बढ़ावा देकर गलत व्यापार अभ्यास और गुमराह करने वाले विज्ञापन करने के लिए 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जो कंज्यूमर के अधिकारों का उल्लंघन है। मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने जुर्माना लगाने के अलावा स्नैपडील को निर्देश दिया है कि वह भविष्य में यह सुनिश्चित करे कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई भी ऐसा खिलौना सूचीबद्ध या प्रचारित न किया जाए, जो बीआईएस मानकों के अनुरूप न हो। प्राधिकरण ने स्नैपडील को उपभोक्ताओं की त्वरित शिकायत निवारण सुविधा के लिए संपर्क नंबर, ई-मेल पता और शिकायत अधिकारी का विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने बताया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) के खिलाफ अंतिम आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट जैसी अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ-साथ स्टैलियन ट्रेडिंग कंपनी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार स्टोर जैसे विक्रेताओं को भी नोटिस जारी किए हैं।

# खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी दर्ज



नई दिल्ली। खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जनवरी महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 1.81 फीसदी पर पहुंच गई। ये पिछले नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है, जो दिसंबर में 0.83 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर लगातार तीसरे महीने बढ़कर 1.81 फीसदी रही। पिछले वर्ष जनवरी माह में थोक महंगाई दर 2.51 फीसदी थी, जबकि दिसंबर 2025 में यह 0.83 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर में यह वृद्धि खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में महीने-दर-महीने आई तेजी के कारण है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक जनवरी में महंगाई दर में इजाफे का मुख्य कारण बेसिक मेटल, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और वस्त्रों की कीमतों में बढ़ोतरी रहा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर भी जनवरी में बढ़कर 2.75 फीसदी रही है। यह बढ़ोतरी खाद्य पदार्थों और कीमती धातुओं की कीमतों में इजाफे की वजह से हुई है।

## OOPS मूमेंट का शिकार हुईं एक्ट्रेस

# श्रीलीला

## कैमरे में कैद हुआ एक्ट्रेस की ड्रेस पर लगा हुआ...



कई बार देखा जाता है कि एक्ट्रेसेस इवेंट में या फिर आम तौर पर शूट के दौरान OOPS मूमेंट का शिकार होती हैं। ऐसे में एक फेमस एक्ट्रेस ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई हैं। हम बात कर साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्रीलीला की। श्रीलीला एक्ट्रेस होने के साथ-साथ एक डॉक्टर भी हैं। उन्होंने बीते दिनों अपनी MBBS की डिग्री ली है। उनके कॉन्वोकेशन के वीडियोज और फोटोज इंटरनेट पर काफी वायरल हैं। फैंस और स्टार्स ने उन्हें MBBS की डिग्री के लिए उन्हें ढेर सारी बधाई दी। ऐसे में अब वो OOPS मूमेंट की शिकार होती दिखाई दे रही हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

**श्रीलीला हुईं ऊप्स मूमेंट की शिकार**

दरअसल, श्रीलीला अपनी MBBS की डिग्री लेकर लौट रही थीं। ऐसे में जब वो एयरपोर्ट से बाहर आ रही थीं, तभी वहां मौजूद पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैप्चर किया। इस दौरान श्रीलीला का लुक देखने लायक था। उन्होंने डार्क रेड कलर की फ्लोरल प्रिंट ड्रेस कैरी की थी। वो इस ड्रेस में बला की खूबसूरत लग रही थीं। लेकिन जैसे ही एक्ट्रेस मुड़कर अपनी कार में बैठने के लिए जाने लगीं सभी की नजर उनकी ड्रेस के पीछे प्राइस टैग पर गई, जो कैमरे में आराम से कैद हो गया।



**लोगों ने खींची श्रीलीला की टांग**

श्रीलीला का ये वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर यूजर्स लगातार कमेंट कर रहे हैं और श्रीलीला की टांग खींच रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट कर लिखा, ये क्या मैडम... क्या एयरपोर्ट से ही ड्रेस खरीदकर पहनी थी जो टैग हटाना भूल गईं? एक दूसरा लिखता है, लग रहा है श्रीलीला को फैशन डिजाइनर ने मना किया था कि टैग को ना हटाएं जिस कारण ये लगा हुआ है। एक ने लिखा, मैम खास दिनों पर तो अपने कपड़े पहन लिया करो... ।ऐसे कई और कमेंट्स इस वीडियो पर आ रहे हैं।

**हासिल की एमबीबीएस की डिग्री**

बता दें कि एक्टिंग की चकाचौंध के बीच श्रीलीला ने अपनी डॉक्टरी की पढ़ाई यानी एमबीबीएस को पूरा कर लिया है। श्रीलीला पिछले कई सालों से फिल्मों की शूटिंग और मेडिकल की भारी-भरकम पढ़ाई के बीच तालमेल बिठा रही थीं। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपने ग्रेजुएशन सेरेमनी की बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में वो मैरून गाउन पहने अपनी डिग्री हाथ में लिए नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में श्रीलीला अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ अपनी लाइफ की इतनी बड़ी खुशी का जश्न मनाती दिख रही हैं। बता दें कि साई पल्लवी के बाद अब श्रीलीला भी उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में शामिल हो गई हैं जिनके नाम के आगे डॉक्टर लगा है।

## इस प्रोसेस से रखा गया था Sanjay Dutt का नाम, सुनील दत्त और नरगिस को आए थे 18 हजार सुझाव




हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त ने बॉलीवुड में अपने पिता सुनील दत्त और मां नरगिस की तरह ही नाम कमाया है. अपने 45 साल के करियर में कई बेहतरीन फिल्मों से फैंस का दिल जीत चुके संजय दत्त अपनी एक्टिंग के साथ साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहे हैं. आज इस आर्टिकल में हम आपको संजय दत्त का नाम रखने के प्रोसेस के बारे में बताने जा रहे हैं.सुनील दत्त और नरगिस ने अपने लाडले संजय दत्त का नाम खुद नहीं रखा था. बल्कि इसके लिए उन्होंने एक अनोखा तरीका अपनाया था. बेटे को नाम देने के लिए इस दिग्गज कपल ने लोगों की मदद ली थी. कपल ने एक अखबार में एड भेजा था, जिसके बाद उन्होंने संजय का नाम रखा था. इसके लिए 18 हजार से ज्यादा नाम सुनील दत्त और नरगिस के पास आए थे. इनमें से आखिर में 20 नामों को सेलेक्ट किया गया था और फिर इनमें से एक नाम चुना गया.

**नाम के लिए अपनाया अनोखा तरीका**

संजय दत्त और नरगिस की नजदीकियां साल 1957 में रिलीज हुई फिल्म 'मदर इंडिया' के सेट पर बढ़ी थी. इसके बाद दोनों ने साल 1958 में शादी रचा ली थी. लेकिन, ये शादी आसान नहीं थी. क्योंकि सुनील जहां हिंदू थे तो वहीं नरगिस का ताल्लुक मुस्लिम धर्म से था. हालांकि दोनों ने अपने प्यार के खातिर धर्म की दीवारें तोड़ते हुए एक दूसरे का हाथ हमेशा हमेशा के लिए थाम लिया.

**नाम के लिए अपनाया अनोखा तरीका**

संजय दत्त और नरगिस की नजदीकियां साल 1957 में रिलीज हुई **फिल्म 'मदर इंडिया' के सेट पर बढ़ी थी. इसके बाद दोनों ने साल** 1958 में शादी रचा ली थी.

लेकिन, ये शादी आसान नहीं थी. क्योंकि सुनील जहां हिंदू थे तो वहीं नरगिस का ताल्लुक मुस्लिम धर्म से था. हालांकि दोनों ने अपने प्यार के खातिर धर्म की दीवारें तोड़ते हुए एक दूसरे का हाथ हमेशा हमेशा के लिए थाम लिया.

## पहले 'सिकंदर' और अब 'बैटल ऑफ गलवान', सलमान खान ने कुनिका सदानंद के बेटे को दिया बड़ा मौका




सलमान खान के तमाम फैंस को उनकी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का इंतजार है. अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सलमान के अपोजिट चित्रांगदा सिंह हैं. मेकर्स ने वेलेंटाइन डे के मौके पर इस फिल्म का एक रोमांटिक गाना रिलीज किया है, जिसमें दोनों स्टार्स एक साथ नजर आए हैं. खास बात ये है कि इस गाने में अयान लाल ने भी काम किया है. अयान एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 19' में दिखीं कुनिका सदानंद के बेटे हैं.

14 फरवरी को सलमान की फिल्म का ये गाना रिलीज हुआ है. इस गाने के बोल कुछ इस तरह हैं, जब मेरी आंखें खुलती हैं, सुबह तुमसे होती है, न जानें क्यों लगे कि तुम हो आसपास. ये एक रोमांटिक सॉन्ग है. ऐसे में सलमान ने इस गाने को रिलीज करने के लिए वेलेंटाइन का दिन चुना. इस गाने को म्यूजिक अयान लाल ने दिया है. उन्होंने ही इसे कंपोज भी किया है. इतना ही नहीं अयान ने श्रेया घोषाल के साथ मिलकर इस गाने को गाया भी है.

**'बिग बॉस 19' में दिखे थे अयान**

म्यूजिक, कंपोजिशन और सिंगिंग के साथ-साथ अयान ने इस गाने के लिरिक्स पर भी काम किया है. उन्होंने शब्बीर अहमद के साथ मिलकर लिरिक्स तैयार किए हैं. कुनिका सदानंद जब 'बिग बॉस 19' का हिस्सा थीं तो अयान शो में उनसे मिलने आए थे.

दो-तीन एपिसोड में नजर आकर ही अयान ने 'बिग बॉस' के जरिए काफी पॉपुलैरिटी बटोरी थी. उस समय वो सोशल मीडिया पर छा गए थे. शो की कंटेस्टेंट फरहाना भट्ट के साथ उनका नाम भी जोड़ा गया था. फैंस को दोनों की जोड़ी काफी पसंद आई थी. अब सलमान ने अयान को 'बैटल ऑफ गलवान' के इस गाने में मौका दे दिया.

**'सिकंदर' में भी अयान ने किया था काम**

पिछले साल सलमान खान 'सिकंदर' के नाम से फिल्म लेकर आए थे. अयान लाल ने उस फिल्म में एक छोटा सा रोल किया था. वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी उस फिल्म में थीं. अयान ने अंजिनी के बॉयफ्रेंड का रोल किया था. बहरहाल, 'सिकंदर' फैंस को कुछ खास पसंद आई थी और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी. ऐसे में सलमान के तमाम फैंस को 'बैटल ऑफ गलवान' का इंतजार है. ये फिल्म इसी साल 17 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तय की गई थी. पर हाल ही में एक रिपोर्ट में बताया गया कि ये फिल्म पोस्टपोन हो गई है. ऐसे में अब देखना होगा कि मेकर्स इस फिल्म को कब तक रिलीज करते हैं.

# सनी देओल

## ने बताया रिलीज से पहले बदल जाएगा लाहौर 1947 का टाइटल? कहा- ये मूवी एक फेमस



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई की है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 430 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। मूवी को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। बॉर्डर 2 के बाद अब सनी के पास कई बड़े प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। वहीं, इन दिनों वो अपनी अपकमिंग पीरियड ड्रामा फिल्म लाहौर 1947 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। ऐसे में एक्टर ने बताया कि फिल्म का टाइटल बदला जा सकता है।



**रिलीज से पहले बदलेगा फिल्म का नाम ?**

राजकुमार संतोषी की डायरेक्टेड और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी फिल्म 13 अगस्त को थिएटर्स में दस्तक देने के लिए तैयार है। वहीं, हाल ही में सनी देओल ने न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में अपकमिंग फिल्म लाहौर 1947 के बारे में बात की। एक्टर ने बताया कि इसके थिएटर में रिलीज होने से पहले नाम में बदलाव किया जाएगा। सनी के मुताबिक, मेरी ढेर सारी फिल्में आने वाली हैं। उनमें से एक लाहौर 1947 है... शायद टाइटल बदल सकता है शायद वही रखें। फिल्म एक फेमस प्ले पर बेस्ड है। 15 अगस्त के टाइम सिनेमा हॉल्स में लगेगी।

**इस दिन होगी रिलीज**

लाहौर 1947 की प्रोडक्शन टीम से मिली लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, फिल्म 13 अगस्त, 2026 को इंडिपेंडेंस डे वीक के दौरान थिएटर में आएगी। मेकर्स पूरे इंडिया में इसे बड़े फेस्टिव रिलीज के लिए टारगेट कर रहे हैं। आने वाली इस पीरियड ड्रामा में सनी देओल, डायरेक्टर राजकुमार संतोषी और प्रोड्यूसर आमिर खान भी पहली बार एक साथ हैं।

**धर्मेंद्र की पसंदीदा थी लाहौर 1947 की स्क्रिप्ट**

आमिर खान अपने बैनर, आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। एक रिलीज के मुताबिक, आमिर ने प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए कहा, यह धरमजी की पसंदीदा स्क्रिप्ट्स में से एक थी, और मुझे बहुत खुशी है कि वह फिल्म देख पाए।



# हल्दी का पाउडर नहीं, इसके पत्ते हैं सेहत का असली हीरो, जानें कैसे मदद करते हैं शरीर को

हम सभी हल्दी की पाउडर या गांठ से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हल्दी के पत्ते भी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं? ये पत्ते सिर्फ खाने में स्वाद और खुशबू नहीं बढ़ाते, बल्कि पाचन, दर्द, त्वचा, इम्यूनिटी और सांस से जुड़ी समस्याओं में भी राहत देते हैं। आइए जानते हैं हल्दी के पत्तों के फायदे और सही इस्तेमाल का तरीका।

### पाचन को दुरुस्त रखने में मददगार

हल्दी के पत्ते पाचन के लिए बेहतरीन माने जाते हैं। अगर पेट भारी रहता है, गैस बनती है या खाना सही से नहीं पचता, तो हल्दी के पत्तों का सेवन लाभकारी हो सकता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व पाचन रसों को सक्रिय करते हैं और भोजन को आसानी से पचाने में मदद करते हैं। इसलिए पारंपरिक रूप से इन पत्तों को खाने में शामिल किया जाता रहा है।

### दर्द और सूजन में राहत

हल्दी की तरह हल्दी के पत्तों में भी सूजन कम करने वाले गुण पाए जाते हैं। हल्का-फुल्का जोड़ों का दर्द या शरीर में सूजन होने पर हल्दी के पत्तों से बना लेप या भाप राहत पहुंचा सकता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर में सूजन को कम करने में सहायक होते हैं।

### त्वचा की समस्याओं में फायदेमंद

हल्दी के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को साफ रखने और मुंहासे, खुजली या हल्की एलर्जी से राहत देने में मदद करते हैं। इन्हें घरेलू नुस्खों में अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। त्वचा पर हल्दी के पत्तों का लेप या उनका इस्तेमाल प्राकृतिक उपाय के तौर पर लाभकारी हो सकता है।

### इम्यूनिटी को मजबूत करने में सहायक

हल्दी के पत्ते शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और बार-बार बीमार पड़ने की संभावना को कम करते हैं। ऐसे में हल्दी के पत्तों को अपनी डाइट में शामिल करना इम्यूनिटी बढ़ाने का एक प्राकृतिक तरीका है।

### सांस से जुड़ी दिक्कतों में राहत

हल्दी के पत्तों की खुशबू और इसमें मौजूद तत्व हल्की सर्दी, खांसी और जकड़न में आराम पहुंचाते हैं। इन्हें भाप लेने या काढ़े में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। पारंपरिक घरेलू उपायों में भी इसका उपयोग इन बीमारियों में राहत देने के लिए किया जाता रहा है।

### हल्दी के पत्तों का सही इस्तेमाल

हल्दी के पत्तों को खाने में स्वाद और खुशबू बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भाप लेने या काढ़े में डालकर हल्की सर्दी और खांसी में आराम पाया जा सकता है। किसी भी गंभीर बीमारी में इसका उपयोग केवल सहायक उपाय के रूप में करें, डॉक्टर की सलाह के बिना इसे प्राथमिक इलाज न मानें।

# बिना बेसन के बनाएं स्वादिष्ट डुबकी कढ़ी



### पानी में तले जाते हैं पकौड़े, फटाफट नोट कर लें छत्तीसगढ़ की खास रेसिपी

बेसन की कढ़ी तो आपने कई बार बनाई होगी, लेकिन एक बार छत्तीसगढ़ की खास डुबकी कढ़ी बनाकर खाएं। बिना तेल के पकौड़े इस कढ़ी के स्वाद को और भी मजेदार बना देते हैं। फटाफट नोट कर लें डुबकी कढ़ी की रेसिपी।

### डुबकी कढ़ी रेसिपी

बेसन और दही से तैयार कढ़ी का स्वाद लोगों को काफी पसंद आता है। लेकिन आज हम आपको बिना बेसन के कढ़ी बनाने की एक स्पेशल रेसिपी बता रहे हैं। इस कढ़ी को बनाने में आपको बेसन की जगह उड़द की दाल का इस्तेमाल करना होगा। खास बात ये है कि इसके पकौड़े बिना तेल के पानी या फिर सीधे कढ़ी में डालकर ही तैयार कर लिए जाते हैं। इस कढ़ी को झारखंड-छत्तीसगढ़ में लोग बड़े स्वाद से खाते हैं। चावल के साथ ये कढ़ी बहुत टेस्टी लगती है। आप इसे एक बार जरूर ट्राई करें।

पहला स्टेप- 1 कप उड़द की दाल को 3-4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर छोड़ दें। अब मसाला पीसने के लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच साबुत धनिया, 1 चम्मच काली मिर्च, आधा इंच अदरक का टुकड़ा और 4-5 हरी मिर्च को मिक्सी में घुमाकर पीस लें। अब इस मिक्सचर में भीगी हुई उड़द की दाल डालें और बिना पानी डाले पीस लें।

दूसरा स्टेप- अब पिसी हुई दाल में से 1 चम्मच दाल को किसी बाउल में डालें और उसमें खट्टी छाछ डालें और धीरे-धीरे करके मिक्स करते जाएं। आपको करीब 1 लीटर छाछ लेनी है। बेसन की जगह हमें दाल का इस्तेमाल करना है।

तीसरा स्टेप- अब कड़ाही में 2 बड़े चम्मच सरसों का तेल डालें। तेल गर्म होने पर 1 सूखी लाल मिर्च डाल दें। अब थोड़ा जीरा और मेथी दाना डाल दें। थोड़ी राई और करी पत्ता भी डाल दें। अब एक मोटा कटा हुआ प्याज डाल दें और हल्का फ्राई करें। अब इसमें 1 चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर डाल दें और मिक्स कर लें।

चौथा स्टेप-अब कड़ाही में 1 कप पानी डाल दें और मसालों को मिक्स कर दें अब तुरंत ही इस पानी में तैयार की गई छाछ मिला दें। गर्म कड़ाही में छाछ डालेंगे तो फटने का डर रहता है। इस तरह छाछ बिल्कुल भी नहीं फटेगी। इसे लगातार 1 उबाल आने तक चलाते रहें।

पांचवां स्टेप-अब बाकी जो उड़द दाल का पेस्ट बचा है उसमें थोड़ी अजवाइन और नमक डाल दें। अब दाल को फेंटते रहें, जिससे दाल हल्की हो जाए। अब दाल की छोटी-छोटी पकौड़ियां सीधे उबलती हुई कढ़ी में डाल दें। 10-15 मिनट में पकौड़ियां बिना तेल के अंदर तक पक जाएंगी। अगर कढ़ी गाढ़ी लगे तो इसमें गर्म पानी मिला सकते हैं।

आखिरी स्टेप-अब कढ़ी के लिए तड़का तैयार कर लें। इसके लिए 1 पैन में 1 चम्मच देसी घी या तेल गर्म करें। इसमें 6-7 कली बारीक कटा लहसुन और लच्छेदार कटा थोड़ा अदरक डालें। जब लहसुन पक जाए तो इसमें आधा चम्मच हींग और 1 चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर मिलाना है। इस तड़के को कढ़ी में डाल दें और ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया डालकर कढ़ी को सर्व करें।



# ऐसे बनाएं दूधी का हलवा, गर्मागर्म हलवे का स्वाद भी लाजवाब, फटाफट नोट कर लीजिए रेसिपी

अक्सर लोग घर पर सूजी का हलवा या फिर बेसन का हलवा बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी दूधी का हलवा बनाकर खाया है? अगर नहीं, तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दूधी का हलवा बनाने के लिए एक छोटी लौकी, एक कप दूध, 2 स्पून कद्दूकस किया हुआ नारियल, 3 स्पून बारीक कटा हुआ बादाम, काजू और पिस्ता, एक स्पून चिरौंजी दाने, हाफ स्पून हरी इलायची, एक स्पून किशमिश, 2 स्पून घी, 2 बड़ी स्पून मलाई और 3 स्पून शक्कर की जरूरत पड़ेगी।

पहला स्टेप- सबसे पहले आपको लौकी को छील लेना है और फिर इसे कद्दूकस करने के बाद इसके सारे पानी को निचोड़कर निकाल देना है।

दूसरा स्टेप- अब आपको कढ़ाई में घी डालकर इसे गर्म कर लेना है। अब कद्दूकस की हुई लौकी को गर्म घी में डालकर थोड़ी देर पकाइए।

तीसरा स्टेप- लौकी का सारा पानी सूख जाने पर आपको चीनी को मिलाकर थोड़ी देर तक पकाना है। इसके बाद दूध और मलाई भी एड कर लीजिए।

चौथा स्टेप- इस मिश्रण को चलाते रहें जिससे ये जले नहीं और अच्छी तरह से पक जाए। जब दूध थोड़ा सूखने लग जाए, मलाई मिश्रण में मिक्स हो जाए, तब आपको इस मिक्सचर में बारीक कटा हुआ बादाम, काजू और पिस्ता भी मिला लेना है।

पांचवां स्टेप- इसके बाद आपको मिश्रण में किशमिश और इलायची पाउडर को भी मिक्स कर लेना है। इसके बाद कद्दूकस किए हुए नारियल को मिला लीजिए।

छठा स्टेप- सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके पका लीजिए। अब आप गर्मागर्म लौकी के हलवे का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप चाहें, तो गार्निशिंग के लिए कद्दूकस किए हुए नारियल और बारीक कटे हुए ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल कर सकते है। महज आधे घंटे के अंदर आपका दूधी का हलवा तैयार हो जाएगा। बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को इस हलवे का टेस्ट काफी ज्यादा पसंद आएगा।



# गाजर का नहीं, बनाएं मटर का स्वादिष्ट हलवा, कम समय में बन जाएगा, नोट कर लीजिए बेहद आसान रेसिपी

क्या आपने कभी मटर का हलवा खाया है? अगर नहीं, तो आपको कम से कम एक बार पोषक तत्वों से भरपूर इस बेहद आसान रेसिपी को जरूर ट्राई करके देखना चाहिए।

हरी-हरी मटर सेहत को चौतरफा लाभ पहुंचा सकती है। अगर आपने भी मटर का हलवा नहीं चखा है, तो आपको इस रेसिपी को जरूर आजमाना चाहिए। इसे बनाना भी आसान है और इसका स्वाद भी लाजवाब है। आपको बता दें कि मटर का हलवा बनाने के लिए 2 कप ताजी हरी मटर, 3/4 कप खोया, 3/4 कप चीनी, एक छोटी स्पून इलायची पाउडर, 2 बड़ी स्पून देसी घी, कटे हुए पिस्ता और कटे हुए बादाम की जरूरत पड़ेगी।

पहला स्टेप- सबसे पहले मटर को छील लीजिए। अब 2 कप हरी मटर को बॉइल कर लीजिए और फिर बॉइल्ड मटर को अच्छी तरह से मसल लीजिए जिससे मटर का पेस्ट तैयार हो जाए।

दूसरा स्टेप- इसके बाद पैन में देसी घी डालकर गर्म कर लीजिए। गर्म घी में कटे हुए पिस्ता और कटे हुए बादाम को लाइट गोल्डन होने तक भून लीजिए।

तीसरा स्टेप- अब इसी पैन में मटर का पेस्ट एड कर इसे धीमी आंच पर लगभग 2 मिनट तक भून लीजिए। मटर के पेस्ट को भूनने से मटर का कच्चापन दूर हो जाएगा।

चौथा स्टेप- अब आपको इस मिश्रण में चीनी मिलाकर हलवे को अच्छी तरह से पकाना है। हलवे को जब तक पकाएं, जब तक ये गाढ़ा न हो जाए।

पांचवां स्टेप- आखिर में हलवे के टेस्ट को बढ़ाने के लिए इलायची पाउडर भी मिक्स कर लीजिए।

छठा स्टेप- जब हलवे से खुशबू आने लग जाए, तब समझ जाइए कि मटर का हलवा सर्व करने के लिए तैयार है।

गार्निशिंग के लिए बारीक कटे हुए ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल कीजिए। यकीन मानिए गर्मागर्म मटर का हलवा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को काफी ज्यादा पसंद आएगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मटर के हलवे में पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है यानी मटर का हलवा खाने से आपकी सेहत पर भी पॉजिटिव असर पड़ सकता है।

# घर पर बनाएं हिमाचली सिड्डू, गेहूं के आटे से बनी ये डिश, सर्दियों में इसे खाने का है अलग ही मजा

अगर आपको भी अलग-अलग तरह की डिश ट्राई करना पसंद है, तो गेहूं के आटे और उड़द की दाल से बनी इस हिमाचली डिश को जरूर बनाकर देखें। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हिमाचली सिड्डू बनाने के लिए 2 कप गेहूं का आटा, एक स्पून इंस्टेंट यीस्ट (इसकी जगह बेकिंग पाउडर और दही भी यूज किया जा सकता है), हल्का गर्म पानी, नमक, हाफ कप धुली और भीगी हुई उड़द की दाल, 2 हरी मिर्च, अदरक का टुकड़ा, हरा धनिया, हींग, लाल मिर्च और हल्दी की जरूरत पड़ेगी।

पहला स्टेप- एक परात में या फिर बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, नमक और यीस्ट निकालिए और फिर इन्हें अच्छी तरह से मिक्स कर लीजिए।

दूसरा स्टेप- अब धीरे-धीरे इस मिश्रण में हल्का गर्म पानी मिलाते हुए नरम-नरम आटा गूंथ लीजिए। आपको आटे को 1-2 घंटे के लिए ढककर रख देना है।

तीसरा स्टेप- इतनी देर में आप स्टफिंग की तैयारी शुरू कर लीजिए। सबसे पहले भीगी हुई दाल, अदरक और हरी मिर्च को दरदरा करके पीस लीजिए।

चौथा स्टेप- अब एक कटोरे में दरदरा पिसा हुआ मिश्रण, हींग, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, नमक, लाल मिर्च और हल्दी पाउडर निकालकर सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाएं।



पांचवां स्टेप- मिक्सचर ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। अब फूले हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां तोड़ लीजिए।

छठा स्टेप- लोइयों को एक-एक करके हाथ से फैलाकर इसमें दाल वाले मिश्रण को भर लीजिए। इसके बाद लोइयों को किनारों से बंद कर दीजिए।

सातवां स्टेप- आप लोइयों को अपनी पसंद का आकार दे सकते हैं। अब इडली स्टैंड में पानी को गर्म कर लीजिए और फिर इस स्टैंड के निचले हिस्से पर तेल लगाकर सिड्डू को स्टैंड पर रख दीजिए।

आठवां स्टेप- लगभग 15 से 20 मिनट के लिए सिड्डू को मीडियम फ्लेम पर स्टीम कीजिए। अब आप पके हुए और फूले हुए सिड्डू को सर्व कर सकते हैं।

आटे के सिड्डू को बीच से काट लीजिए। अब इसके ऊपर घी डालिए और फिर धनिए और पुदीने की चटनी के साथ सर्व करें। आप दाल के साथ भी गर्मागर्म हिमाचली आटे के सिड्डू का लुत्फ उठा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में उम्र पूरी कर चुके वाहन सीधे होंगे जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली शहर में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग ने शनिवार को एक बेहद सख्त और डराने वाला सार्वजनिक नोटिस जारी किया, जिसमें उसने



बताया कि वह अब शहर में ऐसे किसी भी वाहन को नहीं रहने देगा जो अपनी समयसीमा पूरी कर चुके हैं। फिर चाहे वह वाहन सड़क पर चल रहा हो या फिर कहीं पर खड़ा हुआ हो। विभाग की मानें तो ऐसे वाहनों को बिना किसी पूर्व सूचना के ही जब्त कर लिया जाएगा और फिर कबाड़ में बदल दिया जाएगा। दिल्ली में लागू नियमों के अनुसार 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन एंड ऑफ लाइफ व्हीकल्स वाहनों की श्रेणी में आते हैं, यानी जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है। कार्रवाई से बचने के लिए विभाग ने ऐसे वाहनों के मालिकों को अपने वाहन को एनसीआर से बाहर ले जाने की सलाह दी है। अपने नोटिस में परिवहन विभाग ने ऐसे सभी इओवी वाहनों के मालिकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने और अपने वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर ट्रांसफर कराने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया है, दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों पर चल रहे या खड़े बीएस-3 और उससे नीचे के उत्सर्जन मानकों वाले पुराने वाहनों को कानून के अनुसार बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त करके कबाड़ कर दिया जाएगा। ऐसे वाहन मालिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी गाड़ियां शहर से बाहर स्थानांतरण के लिए इहष्ट प्राप्त कर लें। साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि अपनी उम्र समाप्त कर चुके वाहनों को दिल्ली से हटाने के लिए जल्द ही एक नया अभियान भी चलाया जाएगा। वैसे बता दें कि शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मांग उठती रही है कि 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि इस बार परिवहन विभाग ने जो नोटिस जारी किया है, उसमें उसने सड़क पर खड़े वाहनों को भी जब्त करते हुए ले जाने और उन्हें कबाड़ में बदलने की बात कही है।

## योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली को बताया गैस चेंबर जैसा

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज



ने शनिवार को दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर बेहद खास अंदाज में निशाना साधा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक वीडियो शेयर किया और बताया कि किस तरह वे दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनकी सरकार के एक साल पूरा होने पर सर्टिफिकेट दे रहे हैं। दरअसल भारद्वाज ने जो वीडियो शेयर किया उसके जरिए उन्होंने दिल्ली सरकार पर तगड़ा तंज कसा, क्योंकि इस वीडियो में योगी आदित्यनाथ दिल्ली की घुटन भरी हवा के बारे में बताते हुए उसकी तुलना गैस चेम्बर से करते दिखाई दे रहे हैं। इस तरह सौरभ ने आदित्यनाथ की कही बातों से ही रेखा सरकार पर हमला बोला। वह भी तब जब आगामी 20 फरवरी को दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार को बने हुए एक साल पूरा होने वाला है, इसलिए आप नेता ने यूपी के सीएम की बातों को एक साल का सर्टिफिकेट बताया। अपनी पोस्ट में सौरभ भारद्वाज ने योगी आदित्यनाथ का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सीएम आदित्यनाथ का सीएम रेखा गुप्ता सरकार को एक साल पूरा होने पर सर्टिफिकेट', इसके बाद सौरभ ने अपनी पोस्ट में वह बातें लिखीं जो उस वीडियो में आदित्यनाथ कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके शेयर किए वीडियो में योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं, 'देख रहे हो ना दिल्ली में किस तरह घुटन भरी जिंदगी हो गई है, ऐसे लगता है जैसे गैस चेम्बर में हों। एयर क्वालिटी इंडेक्स में वो 400 से ऊपर है, दम घुटता है.

# भारत की पहली ट्रिपल-प्रोटेक्शन वॉल पुट्टी, न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी लॉन्च

लोक प्रेरणा

पानीपत। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी और कैपेसिटी के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी लॉन्च की है। यह एक प्रीमियम व्हाइट सीमेंट-बेस्ड वॉल केयर सॉल्यूशन है जिसे एक ही सॉल्यूशन में एंटी-माइक्रोबियल, वॉटरप्रूफिंग और एंटी-एफ्लोरेसेंस परफॉर्मेंस के तीन बेहतरीन फायदे देने के लिए डिजाइन किया गया है।
सिल्वर आयन टेक्नोलॉजी से बना यह प्रोडक्ट बैक्टीरिया, फंगस और एल्गी को बढ़ने से रोककर शील्डेड प्रोटेक्शन देता है। इसके अलावा, जर्मन एक्टिव साइलेन्स-सिलोक्सेन के साथ इसका एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक पॉलीमर फॉर्मूलेशन नमी और दरारों के लिए मजबूत प्रतिरोध देता है, साथ ही अपनी एंटी-एफ्लोरेसेंस प्रॉपर्टीज के जरिए व्हाइट सॉल्ट के जमाव को रोकता है, जिससे मुश्किल हालात में भी दीवार की लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा पक्की होती है।

न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी अंदर और बाहर दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए सही है, यह सीमेंट-बेस्ड प्लास्टर, कंक्रीट और मोर्टार सतहों पर बहुत अच्छी पकड़ देता है। यह दीवारों की फिनिशिंग को बेहतर बनाता है और टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा देता है।

इसके अलावा, यह प्रोडक्ट इको-फ्रेंडली, लो-वीओसी मटीरियल का इस्तेमाल करके बनाया गया है, जो न्युवोको के सस्टेनेबल और हाई-परफॉर्मेंस होम प्रोटेक्शन सॉल्यूशन के समर्पण को और पक्का करता है।

चिराग शाह, हेड-मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने जोर देकर कहा कि 'न्युवोको में, हम लगातार ऐसे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सॉल्यूशन देने के लिए समर्पित हैं जो घर की देखभाल को बेहतर बनाते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाते हैं। न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी के साथ, हम एक एडवांस्ड थ्री-लेयर प्रोटेक्शन सिस्टम ला रहे हैं जो दीवारों को लंबे समय तक चलने वाला, हेल्दी और बेहतर सुरक्षा देता है। यह प्रोडक्ट आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रहने की जगहों में बेहतर परफॉरमेंस और बेहतर एस्थेटिक्स दोनों चाहते हैं। यह लॉन्च हमारे ग्राहक-केन्द्रित सोच को दिखाता है और एक सुरक्षित, स्मार्ट और सस्टेनेबल दुनिया बनाने के हमारे विजन को और पक्का करता है।
' यह प्रोडक्ट पंजाब, दिल्ली/एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में लॉन्च किया जा रहा है। ग्राहक इन क्षेत्रों में अधिकृत न्युवोको डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और बड़े रिटेल आउटलेट्स से न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी खरीद सकते हैं।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, सरकार से मांगा सबूत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर कांग्रेस ने फिर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहाकि यह कह देना बहुत आसान है कि कोई झूठ बोल रहा है या गलत कह रहा है। बात बहुत साफ है कि क्या ट्रेड डील हुई है वे बता दें। खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक इसमें कोई हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के पास या किसी भी जानकार के पास जो खबर पहुंच रही है उसी की बुनियाद पर कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वो बातें नहीं हैं जो सरकार की ओर से कही जा रही हैं। यदि सरकार इसे ठीक नहीं समझती है तो वे दस्तावेज सामने रख दें, इसमें क्या समस्या है? सलमान खुर्शीद ने कहाकि सरकार सबूत दे कि क्या ट्रेड डील हुई है। उन्होंने कहाकि यह तो अंतरिम ट्रेड डील है। हस्ताक्षर हुए नहीं हैं। यह मार्च के आखिरी में होंगे। सलमान खुर्शीद ने आगे कहाकि अभी तक जो भी बातें सामने आई हैं, वह कहां से आई हैं। देर रात वाइट हाउस से ट्वीट आता है, उसी से हम अंदाजा लगाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहाकि जो भी खबर कांग्रेस के पास पहुंच रही है या किसी के पास भी पहुंच रही



है, उसमें यह कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील में वह बातें नहीं हैं जो सरकार द्वारा कही जा रही हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहाकि अगर सरकार समझती है कि जो बातें हो रही हैं वो सही नहीं है तो ट्रेड डील के जो दस्तावेज हैं वो सामने रख दें। इसमें क्या प्रॉब्लम है। उन्होंने कहा कि हमें जो पता चल रहा है उसके मुताबिक जो भी बातें ट्रेड डील को लेकर चल रही हैं, वह असलियत में नहीं हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है।

### पवन खेड़ा ने आरोपों पर जवाब दिया

# एपस्टीन फाइल्स को लेकर भाजपा ने कपिल सिब्बल को घेरा, राहुल गांधी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के बदनाम फाइनेंशर और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स ने भारत में भी राजनैतिक बवाल मचाया हुआ है। कांग्रेस की तरफ से पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के ऊपर हमला किया गया, अब भाजपा ने भी पलटवार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल पर निशाना साधा है। भाजपा ने राहुल गांधी से जवाब देने की मांग करते हुए दावा किया कि कपिल सिब्बल को एक ऐसे कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार मिला था, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने फंड किया था। कपिल सिब्बल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस दावे के बकवास बताकर खारिज कर दिया। कांग्रेस की तरफ से प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इन आरोपों पर जवाब दिया। मीडिया से बात करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि उस समय सिब्बल केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री थे। उन्हें ''शिक्षा में वैश्विक सहयोग के प्रति उनके दृढ़ समर्थन' के लिए समारोह में पुरस्कार दिया गया था। खेड़ा ने कहा, ''इसका जेफ्री एप्स्टीन से कोई संबंध नहीं है।'' दरअसल यह पूरा मामला उस वक्त शुरू हुआ, जब भाजपा प्रवक्ता



प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कपिल सिब्बल पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, '2010 में, जेफ्री एप्स्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कांग्रेस के (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को मिला था। सिब्बल को लंबे समय से गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता रहा है।'' भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा भी ''उसी गुट'' से जुड़े हुए थे। 2010 में, जेफ्री एप्स्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कांग्रेस के (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को मिला था। सिब्बल को लंबे समय से गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता रहा है।

# हिंडन को निर्मल करने की तैयारी, नमामि गंगे मिशन के तहत नालों के 'जहर' पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंडन को प्रदूषणमुक्त करने की तैयारी तेज हो गई। जल निगम ने डीपीआर तैयार कर मुख्यालय को भेज दी। 630 करोड़ रुपये की इस परियोजना को हरी झंडी मिलते ही केंद्र सरकार को भेज दी जाएगी। इसे स्वीकृति मिलने के बाद योजना की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मौजूदा वक्त में आलम यह है कि औद्योगिक इकाइयों और घरों से निकलने वाला गंदा पानी सालों से हिंडन में गिर रहा है। इससे यह पूरी तरह से प्रदूषित हो चुकी है।

**नौ नालों की पहचानः** एनजीटी के आदेश पर शासन ने नमामि गंगे मिशन के तहत हिंडन को निर्मल करने के लिए जल निगम को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया था। नगर निगम क्षेत्र के नौ नालों को चिह्नित किया है, जिनसे जहरीला पानी हिंडन में गिर रहा है। जल निगम ने इसकी डीपीआर तैयार कर ली है।

**सभी नाले किए जाएंगे टैपः** इसके तहत हिंडन में गंदा पानी गिराने वाले सभी नाले टैप किए जाएंगे। पाइपलाइन से गंदा पानी एसटीपी पर लाया जाएगा और यहां शोधित करने के बाद इस पानी को हिंडन में छोड़ा जाएगा। डीपीआर जल निगम ने लखनऊ स्थित मुख्यालय भेजी है। इसी महीने तक हरी झंडी



मिलने की उम्मीद है।

**बायोडायवर्सिटी पार्क के पास एसटीपी बनेगाः** डीपीआर में सात नालों की टैपिंग शामिल है, क्योंकि करेहड़ा के पास हिंडन में गिर रहे दो नालों को 331 करोड़ रुपये की सीवर योजना के तहत ही टैप कर लिया जाएगा। 140 एमएलडी का एसटीपी बनाने के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क के पास 40 हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित कर ली गई है। नगर निगम से मिली जमीन का जल निगम ने सत्यापन भी कर लिया है। जमीन को लेकर कोई विवाद भी नहीं है। ऐसे में योजना का कार्य केंद्र से स्वीकृति मिलते ही शुरू कर दिया जाएगा।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा 12 देशों को भेजा गया है न्योता

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश के आम चुनावों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू



यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है। बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।' तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, '' पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं।'' इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 13वें संसदीय चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद 15 वर्ष से अधिक समय तक शासन करने वालीं शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था।

# नकली शादी और स्टूडेंट वीजा... महिलाओं को अपने साथ रहने के लिए ऐसे मजबूर करता था एपस्टीन

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी न्याय विभाग ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जिन फाइलों का रिलीज किया है, उनमें कई चौंकाने वाले खुलासे लगातार हो रहे हैं। अब उसकी गर्लफ्रेंड कैरीना शूलियाक को लेकर नई कहानी सामने आई है। साथ ही इस बात का भी खुलासा हुआ है कि वह अपनी पसंद वाली महिलाओं को झांसा देकर अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया करता था।

2013 की शुरुआत में जेफरी एपस्टीन की गर्लफ्रेंड कैरीना शूलियाक अपने अमेरिकी वीजा स्टेटस को लेकर टेंशन में थी। उसी साल बाद में उसने एक अमेरिकन नागरिक से शादी कर ली। इसके बाद ग्रीन कार्ड मिला और 2018 में नागरिकता भी मिली। फिर शूलियाक ने अपने पति जेनिफर को तलाक दे दिया।

**स्टूडेंट वीजा और नकली शादियों का सहाराः** वहीं, शुलियाक किम्बल मस्क के साथ रिलेशनशिप में थी। इसके बाद एपस्टीन के इमिग्रेशन वकीलों में से एक ने शूलियाक के दिन मैसेज किया, अब जब वह एक अमेरिकन है तो तुम्हें उसके लिए बड़ी पार्टी करनी चाहिए।



शूलियाक की इमिग्रेशन कहानी और जारी की गई फाइलों में सामने आई कई दूसरी महिलाओं की कहानियां दिखाती हैं कि कैसे एपस्टीन ने स्टूडेंट वीजा, इंग्लिश भाषा के कोर्स और नकली शादियों का इस्तेमाल यह पक्का करने के लिए किया कि उसके दायरे में आने वाली महिलाएं वहीं रहें जहां वह उन्हें चाहता था।

**ऐसे कराया शूलियाक का एडमिशनः** 2011 में शूलियाक का एडमिशन कोलंबिया यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज में करवाया गया। बताया गया कि उसका बेलारूस से ट्रांसफर हुआ है और उसने अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाई है। उसके एडमिशन के बाद पता चला कि उसका इमिग्रेशन केस एक और मुश्किल थी, जिसे पार करना था।

कोलंबिया के डेंटल स्कूल के एक अधिकारी ने जुलाई 2012 में शुलियाक को लिखा, अगर आज आपको इमिग्रेशन ऑफिस में चक्कर लगवाने पड़े तो मुझे बहुत अफसोस है। इस समय मुझे लगता है कि आपके इमिग्रेशन स्टेटस के साथ सब कुछ ठीक है।

**वीजा दिलाने के लिए मांगी मददः** एपस्टीन शूलियाक के इमिग्रेशन स्टेटस को पक्का करना चाहता था। उसने अपने नेटवर्क से संपर्क किया और चुपचाप उसका स्टूडेंट वीजा वापस दिलाने में मदद मांगी। एपस्टीन ने 2012 के आखिर में इयान ओसबोर्न को लिखा, मैं पूछना नहीं चाहता क्योंकि मैं चाहता हूं कि वह मेरी फाइल का हिस्सा न हो। इयान एक ब्रिटिश इन्वेस्टर हैं जिनका नाम फाइलों में कई बार आता है।

# अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत, 6 दिन बाद पाया शव

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। मिशन की तरफ से कहा गया. हमें बेहद दुख है कि पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है। हम साकेत के परिवार वालों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय मिशन ने कहा, हम साकेत के परिवार की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के जरिए हम साकेत के पार्थिव शरीर को भारत भिजवाने का प्रबंध कर रहेहैं। हमारा कार्यालय परिवार के साथ सीधे संपर्क में है और सभी औपचारिकताओं के लिए भी हम परिवार के साथ खड़े हैं। जानकारी के मुताबिक साकेत आखिरी बार बर्कली हिल्स इलाके में देखे गए थे। वह अंजा लेक के पास गए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उनका पासपोर्ट और लैपटॉप पास में ही पाया गया है। कर्नाटक के रहने वाले श्रीनिवासैया ने आईआईटी मद्रास से बीडटेक किया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका गए थे। 2025 में ही उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में ऐडमिशन लिया था। 13 फरवरी को कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है कि साकेत के परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, बर्कले पुलिस विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता और राज्य में रह रहे उनके परिवार की बढ़ती चिंता को देखते हुए, शालिनी ने विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप और सहायता का अनुरोध किया था।

# मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने एआई का किया था इस्तेमाल

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रोपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया।

अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रोपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। सेना द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल, एआई कंपनियों के लिए बड़ी साख बढ़ाने वाला माना जाता है।

हालांकि एंथ्रोपिक के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हिंसा को बढ़ावा देने, हथियार विकसित करने या निगरानी करने में इसका इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इस ऑपरेशन में उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मादुरो और उनकी पत्नी को कराकस से गिरफ्तार किया गया था। इस ऑपरेशन कई जगहों पर बमबारी के बाद अंजाम दिया गया। एंथ्रोपिक के प्रवक्ता ने बताया कि 'क्लॉड का कोई भी इस्तेमाल, चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकार द्वारा हो, हमारी नीतियों के अनुसार होना चाहिए।



हमारी नीतियां स्पष्ट हैं कि क्लॉड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।'

क्लॉड को तैनात किया गया क्योंकि पेंटागन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की डेटा कंपनी पेलान्टिर टेक्नोलॉजीज का एंथ्रोपिक के साथ साझेदारी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक क्लॉड के उपयोग को लेकर एंथ्रोपिक की चिंताओं के बाद अमेरिकी अधिकारी बड़ा फैसला ले सकते हैं। एंथ्रोपिक के बयान के बाद अमेरिकी अधिकारी 200 मिलियन डॉलर तक के अनुबंध रद्द करने पर विचार कर रहे हैं। एंथ्रोपिक के चीफ एग्जीक्यूटिव डारिओ अमोडेई ने कहाकि एआई के इस्तेमाल में नियम-निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। ताकि एआई से किसी तरह का नुकसान न हो।

एंथ्रोपिक कंपनी के अधिकारियों द्वारा जारी बयानों ने पेंटागन के साथ कांट्रैक्ट की राह में बाधा खड़ी कर दी है। रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने जनवरी में कहा था कि पेंटागन उन एआई मॉडल्स के साथ कोलैबोरेट नहीं करेगा, जो युद्ध लड़ने की अनुमति नहीं देते।

## सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता की मुहिम का दिखा असर... पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

मानसा( एजेंसी)। दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता की इंसाफ की मांग को लेकर शुरू की गई मुहिम अब रंग लाती दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक, मानसा के एसएसपी ऑफिस के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आकर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर काफी समय से आरोप लगा रहे हैं कि कुछ लोग सिद्धू के काम और कमाई में हेरफेर कर रहे हैं। परिवार ने मूसेवाला के करीबी म्यूजिक प्रमोटर बंटी बैंस और वन डिजिटल एंटरटेनमेंट कंपनी के मालिक शबीर मोमिन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। परिवार का कहना है कि वे बीते 6 महीने से लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। आखिर में उन्हें मजबूर होकर मानसा के एसएसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी तक आधिकारिक रूप से नहीं बताया गया है कि इसमें कौन सी धाराएं लगाई गई हैं और किन लोगों के नाम हैं।

## पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के दौरे पर निकली चुनाव आयोग की टीम

नई दिल्ली( एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग सोमवार से इन राज्यों का दौरा शुरू करेगा है। पहली विजिट असम में होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में टीम गुवाहाटी लैंड करेगी। आयोग की यहां से वापसी 18 फरवरी को होगी। इसके बाद तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों का दौरा शुरू होगा। इसमें चार राज्यों की विधानसभा का कार्य और पुडुचेरी का जून में खत्म हो रहा है। सबसे पहले 7 मई को बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि बीते साल बिहार में चुनावों की घोषणा 6 अक्टूबर 2025 को की गई थी। दो चरणों में हुए बिहार में चुनावी प्रक्रिया 16 नवंबर को खत्म हो गई थी। जबकि बिहार की विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर तक था। यह देखकर इन पांच राज्यों में भी मार्च के पहले सप्ताह के बाद ही चुनावों की घोषणा होने की उम्मीद है। बता दें कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इसके पहले चुनाव आयोग की टीम उस राज्य का दौरा करती है। इसका मकसद वहां कानून-व्यवस्था से लेकर शांतिपूर्वक चुनावी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए तैयारियों का जायजा लेती है। इसमें तमाम राजनीतिक दलों, पुलिस-प्रशासन और अन्य संबंधित तमाम स्टेक होल्डरों के साथ बैठक करना शामिल होता है। इसमें संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की संख्या भी पता की जाती है कि वह कितनी बढ़ी या कम हुई हैं। इसके अलावा मतदान के लिए कितने पोलिंग बूथ होने चाहिए ताकि मतदाताओं को वोट देने के लिए अधिक दूर ना जाना पड़े। इन तमाम चीजों का ध्यान रखते हुए यह विजिट की जाती है।

## रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया

मुंबई(एजेंसी)। बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें फायरिंग करने वाला मुख्य शूटर राजस्थान से पकड़ा गया। अन्य आरोपी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, फायरिंग की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शुभम लोनकर ने ली थी। उसने फायरिंग की बात स्वीकार की और रोहित शेट्टी को जान से मारने की धमकी भी दी। जांच में सामने आया कि आरोपियों को मुंबई पहुंचने के बाद भी पैसे भेजे गए थे। प्रारंभिक जांच में 40 हजार रुपये देने की बात सामने आई थी, लेकिन पूछताछ में पता चला कि कुल 51 हजार रुपये दिए गए थे, जिसमें वारदात में इस्तेमाल की स्कूटी की खरीद भी शामिल थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने मामले की गहनता से जांच करने के लिए घटना स्थल पर सीन रिक्रिएट किया और स्कूटी के आने-जाने के रास्तों, आसपास के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पैसे अलग-अलग किस्तों में भेजे गए ताकि पुलिस को शक न हो। जांच के दौरान, पुलिस ने रोहित शेट्टी के साथ-साथ अभिनेता रणवीर सिंह के मैनेजर का भी बयान दर्ज किया। पुलिस का मानना है कि यह घटना केवल डराने के उद्देश्य से नहीं की गई थी। मैनेजर को भेजे गए धमकी भरे वॉयस कॉल में रोहित शेट्टी का नाम भी लिया गया था और चेतावनी दी गई थी कि 'यह सिर्फ ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह ऑडियो कथित रूप से बिश्नोई गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर का बताया जा रहा है।

## क्या दूषित पानी बना काल ? पलवल में 15 दिन में 5 बच्चों समेत 12 की मौत

पलवल( एजेंसी)। हरियाणा के पलवल जिले के चायंसा में 15 दिनों में पांच बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिसके चलते दूषित पेयजल और संक्रामक रोगों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि जनवरी के आखिर और फरवरी के बीच तक हुई मौतें गंभीर यकृत संबंधी जटिलताओं से जुड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में वायरल हेपेटाइटिस और पानी के संभावित संदूषण की ओर इशारा मिला है। 31 जनवरी को चायंसा गांव में पीलिया से संबंधित मौतों की पहली रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसकी आबादी 5,700 लोग और 865 परिवार हैं। एक दिन बाद ही त्वरित प्रतिक्रिया दल को तैनात किया गया। इसके बाद चिकित्सा शिविर, घर-घर सर्वेक्षण और ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई। सात मौतें 27 जनवरी से 11 फरवरी के बीच हुई। इनमें से चार मौतें तीव्र हेपेटाइटिस या लिवर फेलियर के कारण हुई। मृतकों की आयु 9 से 65 वर्ष के बीच थी। बाद में रिपोर्ट की गई अन्य मौतों की समीक्षा की जा रही थी। ज्यादातर रोगियों ने अपनी स्थिति बिगड़ने से पहले बुखार, पेट दर्द, उल्टी और पीलिया की शिकायत की थी। बता दें मध्य प्रदेश के इंदौर में पिछले महीने जहरीले पानी से हुई मौत के कुछ हफ्तों बाद इन मौतों की खबरें सामने आई हैं, जिससे पूरे देश में दूषित पेयजल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पलवल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग और जांच चल रही है। उन्होंने कहा अब तक मृतक के करीबी संपर्कों समेत करीब 1,500 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। करीब 800 बाह्य रोगी परामर्श किए गए हैं और हेपेटाइटिस ए, बी, सी और ई के लिए रक्त के नमूनों की जांच की गई है। 210 लोगों के रक्त विश्लेषण में हेपेटाइटिस बी के दो और हेपेटाइटिस सी के नौ मामले सामने आए। हेपेटाइटिस ए और ई के सभी नमूनों की जांच नेगेटिव आई। तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अब तक एकत्र 107 घरेलू जल नमूनों में से 23 गुणवत्ता जांच में विफल रहे, जो जीवाणु संदूषण और अपर्याप्त क्लोरीनीकरण का संकेत देते हैं।

# झारखंड में जंगली हाथियों ने ली कई की जान, अब कुनकी हाथी इन पर पाएंगे काबू



**-कर्नाटक से विशेष प्रशिक्षित हाथियों को बुलाया, ये होते हैं शांत और अनुशासित**

रांची (एजेंसी)। झारखंड के चाईबासा और हजारीबाग में हाथियों के लगातार हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं। हालात पर काबू पाने कर्नाटक से विशेष रूप से प्रशिक्षित छह कुनकी हाथियों को झारखंड बुलाया जा रहा है। ये विशेष रूप से प्रशिक्षित हाथी हैं, जो जंगली और उग्र हाथियों को काबू में करने में मदद करते हैं। चाईबासा और हजारीबाग में पिछले एक महीने में 25 से ज्यादा लोगों की मौत हाथियों के हमले में हो चुकी है। चाईबासा में एक अकेले हाथी ने 15 से ज्यादा लोगों की जान ली, जबकि हजारीबाग में पांच हाथियों के झुंड ने एक ही रात में सात लोगों की जान ले ली। अब उम्मीद है कि कुनकी हाथियों की मदद से इन बेकाबू हाथियों को जंगल की ओर वापस भेजा जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुनकी शब्द फारसी भाषा से आया है, जिसका अर्थ होता है सहायक। कर्नाटक वन विभाग हाथियों को खास प्रशिक्षण देता है। इन प्रशिक्षित हाथियों के साथ अनुभवी महावत रहते हैं। ये हाथी शांत और अनुशासित होते हैं और इन्हें जंगली हाथियों को पकड़ने या नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। तमिलनाडु के कालेम और कर्नाटक के अभिमन्यु जैसे कुनकी हाथी कई अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। ये हाथी अपनी गंध और व्यवहार से उग्र हाथियों को शांत करने में मदद करते हैं।

बता दें झारखंड में करीब 600 हाथी हैं, लेकिन जंगल क्षेत्र कम होने से उनके लिए भोजन और रहने की जगह घट गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में जंगल सिकुड़ रहे हैं। एक हाथी को रोज करीब 17 घंटे तक भोजन करना पड़ता है, लेकिन जंगल में पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से हाथी गांव और खेतों की ओर आ रहे हैं, जहां उन्हें धान, सब्जियां और केला जैसी फसलें आसानी से मिल जाती हैं। खाने की तलाश और क्षेत्र को लेकर आपसी संघर्ष के कारण कई नर हाथी झुंड से अलग हो जाते हैं। ऐसे हाथी ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं और इंसानों पर हमला करते हैं। राज्य सरकार और वन विभाग को उम्मीद है कि कुनकी हाथियों की मदद से हालात पर जल्द काबू पा लिया जाएगा और लोगों को राहत मिलेगी।

# गोरखपुर पहुंचे भागवत ने कहा, समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से

गोरखपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गोरखपुर दौरे के दौरान सामाजिक सद्भाव सम्मेलन को संबोधित किया। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में प्रमुख नागरिकों और स्वयंसेवकों को संबोधित किया। सम्मेलन से पहले भागवत ने दीप प्रज्वलित कर संघ की 100 वर्षीय यात्रा और 'पंच परिवर्तन' विषय पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में रिश्तों को लेन-देन के रूप में देखा जाता है, जबकि भारत में मानवीय संबंध अपनेपन और आत्मीयता की भावना पर आधारित हैं। भारत को सद्भाव और सामाजिक समरसता का वैश्विक केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि देश की सभ्यतागत सोच एकता और आपसी जुड़ाव में निहित है। भारत की विविधता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि रीति-रिवाजों, पहनावे और परंपराओं में भिन्नता विभाजन का कारण नहीं बनती, क्योंकि हमारी सांस्कृतिक एकता हमें एक सूत्र में बांधती है। हम भारत को माता मानते हैं और एक ही दिव्य चेतना हम सभी में विद्यमान है, जो भिन्न पहचानों के बावजूद हमें एकजुट रखती है।

उन्होंने कहा कि समाज को केवल कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी स्थिर बनाए रखता है। संघ के 100 वर्ष पूरे होने को उन्होंने उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का अवसर बताया। सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने वर्ष में दो-तीन बार ब्लॉक स्तर की बैठकों के आयोजन का आह्वान किया तथा समुदायों से जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर व्यापक हिंदू समाज के हित में कार्य करने की अपील की।



## कश्मीर से हरियाणा तक फैला 'अंसार अंतरिम' नेटवर्क... डॉक्टर और धार्मिक नेता शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में लाल किला ब्लास्ट मामले में साजिश की परतें खुल रही हैं। जांच एजेंसियां लगातार इसमें नए-नए खुलासे कर रही हैं। बताया जा रहा है कि वे पारंपरिक आतंकी ढांचे से अलग एक कथित 'व्हाइट-कॉलर टेरर' नेटवर्क की तरह काम कर रहे हैं। एनआईए ने बताया कि यह मॉड्यूल 'अंसार इंटरिम' नाम से संचालित हो रहा था। इस मॉड्यूल में पढ़े-लिखे और पेशेवर पृष्ठभूमि वाले लोगों की संलिप्तता सामने आई है। जांच एजेंसियों (एनआईए) के रडार पर इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड 28 वर्षीय डॉक्टर उमर-उन-नबी है। वह कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि एक पढ़ा-लिखा डॉक्टर है। सूत्रों के अनुसार, उमर 2016 से ही कट्टरपंथी विचारधारा की ओर झुका था। साल 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान नबी ने 'अंसार इंटरिम' नामक संगठन की नींव रखी। इस समूह का मकसद पारंपरिक आतंकवाद से अलग, पढ़े-लिखे लोगों का एक ऐसा जाल बुनना था जो सिस्टम की नजरों से बचकर काम कर सके। इस जांच में सबसे चौंकाने वाला मोड़ हरियाणा कनेक्शन है। पता चला है कि इस नेटवर्क ने घातक टीएटीपी जैसे विस्फोटक हरियाणा के गुप्त ठिकानों पर तैयार किए थे। इनका प्लान बेहद खौफनाक था कि एक वाहन-जनित आईईडी के जरिए दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके को राख में तब्दील करना। बता दें कि मामले में एनआईए ने अब तक कई ऐसी गिरफ्तारियां की हैं जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के कान खड़े कर दिए हैं। पकड़े गए लोगों में नामी डॉक्टर और धार्मिक नेता शामिल हैं। यह इसका प्रमाण है कि कट्टरपंथ अब सिर्फ सरहदों या जंगलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों तक पहुंच चुका है।

## ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 9 मार्च को, सरकार बहुमत को लेकर आश्वस्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को लोकसभा में चर्चा और मतदान हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, कि बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन इस प्रस्ताव पर बहस कराई जाएगी और उसके बाद वोटिंग होगी।

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने रविवार को कहा, कि सरकार इस मुद्दे को शीघ्र निपटाना चाहती है ताकि स्पीकर सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से संचालित कर सकें और सरकार अपने विधायी एजेंडे पर आगे बढ़ सके। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को सदन में पर्याप्त समर्थन प्राप्त है। 542 सदस्यीय लोकसभा में एनडीए के पास 293 सांसदों का समर्थन है और कुछ अन्य दलों के सदस्यों का भी समर्थन मिलने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में सरकार को विश्वास है कि प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा।

सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन इस राजनीतिक विवाद को लंबा खींचने के पक्ष में नहीं है। माना जा रहा है कि सरकार स्पीकर के प्रति अपना समर्थन स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना चाहती है। हाल ही में सरकार ने बिरला को बांग्लादेश में शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिनिधित्व के लिए भेजने का निर्णय लिया, जिसे राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

उधर विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुटता बनाने की कोशिश में जुटा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे दलों के रुख पर नजर है। कांग्रेस ने कथित तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के प्रस्ताव का मुद्दा भी उठाया है, जबकि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ मुखर रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 9 मार्च की बहस सिर्फ संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार और विपक्ष के बीच शक्ति परीक्षण भी होगी। यदि प्रस्ताव गिरता है तो सरकार इसे अपनी मजबूती के संकेत के रूप में पेश करेगी, जबकि विपक्ष इसे निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं के मुद्दे से जोड़कर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश करेगा।

# अपनी ही पार्टी के नेताओं से नाराज हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर अब अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं। उन्होंने इस दौरान तिरुवनंतपुरम सांसद शशि थरूर, वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा और जयराम रमेश का नाम लिया है। इतना ही नहीं उन्होंने दावा कर दिया कि कांग्रेस केरल विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। खास बात है कि कांग्रेस नेता अय्यर ने हाल ही में कहा था कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहने वाले हैं। मणिशंकर के बयान से कांग्रेस ने किनारा किया था।

एक इंटरव्यू में अय्यर ने पार्टी नेता पवन खेड़ा के बयान पर जमकर नाराजगी जाहिर की। इतना ही नहीं उन्हें कठपुतली करार दिया है। उन्होंने कहा, खेड़ा ने दो साल पहले कह दिया था कि मैं कांग्रेस का किसी भी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं करता हूं। तब यह नया नहीं है। वह कांग्रेस की कठपुतली हैं, वह प्रवक्ता नहीं हैं। वह कुंठित आईएएस अफसर हैं, जो यहां आए हैं और बीते दो साल से मुझे गालियां दे रहे हैं। कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस जीतेगी। क्योंकि कांग्रेस नेता आपस में बंटे हुए हैं। वे वामपंथियों से ज्यादा एक दूसरे से नफरत करते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अय्यर ने सांसद थरूर को पाकिस्तान विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह (थरूर) अगले विदेश मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश को अपनी नौकरी बचानी है।

दरअसल अय्यर ने एक इंटरव्यू में भरोसा जताया कि माकपा नेता पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहने वाले हैं। उन्होंने भारत को लेकर महात्मा गांधी के नजरिए को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता ने एक इस तरह के देश की कल्पना की थी, जहां सबसे गरीब भी देश के प्रति अपनापन महसूस करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि यह विडंबनापूर्ण लग सकता है कि इस लक्ष्य की दिशा में सबसे सराहनीय प्रगति करने वाला राज्य केरल है, जहां भारत की मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी का शासन है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसलिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में, जिनके पद पर बने रहने का मुझे पूरा विश्वास है, मैं अपनी अपील दोहराता हूं, केरल को देश का सर्वश्रेष्ठ पंचायती राज वाला राज्य बनाने के लिए, राज्य कानून में व्यावहारिक अनुभव, थॉमस आइजैक की अंतर्दृष्टि, मेरे द्वारा अध्यक्षता की गई पांच खंडों वाली रिपोर्ट और वीके रामचंद्रन द्वारा जिला नियोजन पर योजना आयोग द्वारा प्रसारित नोट के आधार पर संशोधन किया जाना चाहिए।

### मैं नेहरू और राजीववादी हूं, पर राहुलवादी नहीं

कांग्रेस नेता अय्यर अपने विवादित बयानों से सोमवार को फिर पार्टी को असहज कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वे गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हैं, लेकिन राहुलवादी नहीं हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसा कि वे भूल गए कि अय्यर पार्टी के सदस्य हैं। अय्यर ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी का हवाला दिया। आज कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है। पवन खेड़ा जैसे आदमी को पार्टी का आधिकारिक प्रवक्ता बना रखा है। आखिर पार्टी इतनी बड़ी मूर्खता कैसे कर सकती है, वे एक कठपुतली हैं।

अय्यर ने कहा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस की हालत क्या है। वेणुगोपाल जैसे शख्स को वह जिम्मेदारी दी गई है, जो कभी सरदार पटेल के पास थी। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर इस तरह के दल को कौन वोट देना चाहेगा, जिसमें नेता आपस में लड़ रहे हैं। एक-दूसरे के गले काटने को तैयार हैं। क्या ये चीजें जनता को नहीं पता हैं। अय्यर ने कहा कि एक समय पर वह कांग्रेस भी थी, जब किसी फैसले को माना जाता था। नेहरू पीएम बने, तब सभी ने स्वीकार किया। यदि सुभाष चंद्र बोस की विमान हादसे में मौत नहीं होती, तब वे शायद राष्ट्रपति बनते।

इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु के नेता एमके स्टालिन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्टालिन ने सूट-बूट की सरकार या फिर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे नहीं दिए। उन्होंने जरूरी मुद्दे उठाकर सरकार बनाई। यही नहीं अय्यर ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का अध्यक्ष यदि किसी नेता को बनना चाहिए, तब वे स्टालिन ही हो सकते हैं। तंज कसते हुए अय्यर ने कहा कि यदि पवन खेड़ा ही मुझे कांग्रेस से बाहर करते हैं, तब मैं खुद ही बाहर निकल जाऊंगा और खेड़ा को पीछे से लात मारूंगा।

# ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीकों को देख बिल गेट्स ने की सरकार की तारीफ

**-राज्य सचिवालय में सीएम नायडू ने किया गेट्स फाउंडेशन के सदस्यों का जोरदार स्वागत**



अमरावती (एजेंसी)। बिल गेट्स ने राज्य सचिवालय में आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और अन्य प्रमुख मंत्रियों से मुलाकात की। आंध्र प्रदेश में सहयोगात्मक परियोजनाओं के विस्तार पर चर्चा के लिए गेट्स फाउंडेशन का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके साथ आया था। बिल गेट्स का सचिवालय के प्रथम ब्लॉक में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सीएम नायडू ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का गेट्स से परिचय कराया। यात्रा के दौरान बिल गेट्स ने सचिवालय में रियल-टाइम गवर्नेंस केंद्र का निरीक्षण किया। सीएम नायडू ने उन्हें बताया कि आरटीजीएस प्रणाली किस प्रकार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सरकारी कार्यों की निगरानी और उन्हें बेहतर बनाती है। चर्चा में डिजिटल शासन के जरिए कई क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और वास्तविक समय के डेटा-आधारित प्रशासन के लिए आंध्र प्रदेश के मॉडल को प्रदर्शित किया।

आरटीजीएस दौरे के बाद, बिल गेट्स और उनके प्रतिनिधिमंडल ने सीएम, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि क्षेत्रों में परियोजनाओं को मजबूत करना था, जिनमें गेट्स फाउंडेशन राज्य के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी कर रहा है। नायडू ने राज्य का स्वर्णांध्र विजन 2047 प्रस्तुत किया, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में सुधारों और दीर्घकालिक लक्ष्यों की रूपरेखा पेश की गई। गेट्स ने नायडू के साथ अमरावती के पास उंडावल्ली गांव में एक कृषि क्षेत्र का दौरा भी किया। प्रतिनिधिमंडल ने ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए उन्नत कृषि पद्धतियों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शन से यह स्पष्ट हुआ कि कैसे प्रौद्योगिकी उत्पादकता बढ़ा सकती है और राज्य में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दे सकती है। गेट्स ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और व्यापक प्रभाव के लिए इन पहलों को बड़े पैमाने पर लागू करने के लिए आगे सहयोग करने में रुचि दिखाई।

# सियासी विवाद के बीच बोले उदित राज कहा- टीपू महान समाज सुधारक थे



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मालेगांव से शुरू हुआ टीपू सुल्तान की तस्वीर का विवाद अब एक बड़े राजनीतिक टकराव में तब्दील हो चुका है। इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग के साथ-साथ सड़कों पर भी हिंसा देखने को मिल रही है। हाल ही में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान का समर्थन करते हुए उन्हें एक महान समाज सुधारक करार दिया है। उदित राज का यह बयान ऐसे समय में आया है जब महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता हर्षवर्धन सपकाल द्वारा टीपू सुल्तान की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से किए जाने पर पहले ही राज्य का सियासी पारा चढ़ा हुआ है।

उदित राज ने अपने बयान में इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि टीपू सुल्तान ने दलितों और पिछड़ों के हक में बड़े सुधार किए थे। उन्होंने स्तन कर जैसी कुप्रथा का जिक्र करते हुए दावा किया कि टीपू सुल्तान ने शूद्र महिलाओं को अपना शरीर ढंकने का अधिकार दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। उदित राज ने भाजपा और हिंदुत्ववादी संगठनों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जो लोग दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के उत्थान की बात करते हैं, ये संगठन उनसे नफरत करते हैं। उन्होंने सावरकर और गोलवलकर जैसे विचारकों का नाम लेते हुए कहा कि इतिहास में दलितों से नफरत करने वाले लोगों को आज प्रमोट किया जा रहा है।

इस विवाद की शुरुआत मालेगांव की उप-महापौर शान-ए-हिंद निहाल अहमद के कार्यालय में टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाने से हुई थी। शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षदों ने नीलेश अहेर के नेतृत्व में इसका पुरजोर विरोध किया और तस्वीर हटाने की मांग की। इस दौरान उप-महापौर और पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें अहमद ने स्पष्ट कर दिया कि वे किसी भी कीमत पर तस्वीर नहीं हटाएंगी। विवाद ने तब और अधिक उग्र रूप ले लिया जब कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल ने टीपू सुल्तान को भूमिपुत्र बताते हुए उन्हें वीरता के पैमाने पर छत्रपति शिवाजी महाराज के समकक्ष खड़ा कर दिया। इस तुलना पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। फडणवीस ने इसे महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान और बेहद शर्मनाक कृत्य बताया। भाजपा ने सपकाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और उनके बयान की कड़ी निंदा की है।

# थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर व 01 मिस कारतूस .315 बोर बरामद-

थानाध्यक्ष खुटहन के नेतृत्व में थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 व्यक्ति 1. रोहित पाल पुत्र रमेश पाल निवासी शेरपुर पथरा, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर को शेखपुर सुतौली मोड़ के आगे बीरबन बाबा का स्थान बहद ग्राम शेखपुर सुतौली से किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर व 01 मिस कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-33/26 धारा-3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

1. रोहित पाल पुत्र रमेश पाल निवासी शेरपुर पथरा, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर



पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण

1. मु0अ0सं0 33/26 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खुटहन, जनपद जौनपुर।

2.मु0अ0स0 ङ्क261/19 धारा 323,376 भा0द0वि थाना खुटहन जौनपुर

3.मु0अ0स0-48/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खुटहन, जनपद जौनपुर।

4.मु0अ0स0-182/23 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना करौदीकला जनपद सुल्तानपुर

5.मु0अ0स0-387/25 धारा 303(2), 317(2), 317(4), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर

6.मु0अ0स0-102/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर

बरामदगी का विवरण-

एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद मिस कारतूस .315 बोर

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष श्री रामाश्रय राय थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

2.का0ओमकार यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# एपेक्स स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**



गड़वार क्षेत्र के बभनौली स्थित एपेक्स स्कूल में खेल महोत्सव का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 19 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि आचार्य राहुल उपाध्याय (प्रबंधक एवं ट्रस्टी जंगली बाबा सेवा धाम ट्रस्ट) जी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य राहुल उपाध्याय तथा विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर धनंजय उपाध्याय जी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर धनंजय उपाध्याय जी ने मुख्य अतिथि जी का माल्यार्पण, अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ और बैज लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में भाग ले रहे गंगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा सदन के प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि जी ने क्रिकेट मैच में प्रतिभाग कर रहे सरस्वती सदन और यमुना सदन के सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। खेल महोत्सव के संयोजक और विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र प्रताप सिंह जी ने उपस्थित सभी अतिथि गण का आभार व्यक्त किया।

# चन्दौली पुलिस द्वारा 1.494 किग्रा गांजा की बरामदगी करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**विनय पाठक ब्यूरो वाराणसी मंडल जोन**

चन्दौली/ प्रभारी निरीक्षक चंदौली विजय बहादुर सिंह मय हमराह द्वारा दिनांक 16-02-2026 समय करीब 16-13 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर भगवानपुर तालाब नहर के किनार बने हनुमान जी मंदिर के पास अवैध गांजा बेचने वाले अभियुक्त रिंकू नट पुत्र स्व0 रवीन्द्र नट निवासी सहिचना दरवेशपुर थाना व जिला चन्दौली उम्र करीब 32 वर्ष गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 1.494 किग्रा गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है

## थाना चकिया पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी का माल किया गया बरामद



**विनय पाठक ब्यूरो वाराणसी मंडल जोन**

चन्दौल/ पुलिस क्षेत्राधिकारी चकिया रघुराज के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष चकिया अर्जुन सिंह के नेतृत्व में थाना चकिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.02.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 36/2026 धारा 305/331(1)/317(2)/317(4)/317(5)/112 बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों 1. सेराज अली उर्फ कलामुद्दीन पुत्र खैरूल निवासी अमरा उत्तरी थाना चकिया जनपद चन्दौली 2. आशीष मोदनवाल उर्फ रिंकू पुत्र स्व. रामधनी जायसवाल निवासी वार्ड नं. 7 बुद्धनगर कालोनी थाना चकिया जनपद चन्दौली 3. हीरा पुत्र तारमुनी निवासी बुढवल थाना चकिया जनपद चन्दौली को दिनांक 16.02.2026 समय 20.50 बजे को पोस्ट आफिस के पास वार्ड नं. 1 से गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया। थाना स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# एंटी करप्शन टीम द्वारा सकलडीहा तहसील के लेखपाल पंकज यादव को घुस लेते रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद,भ्रष्ट लेखपालों पर लगेगा लगाम

**विनय पाठक ब्यूरो वाराणसी मंडल जोन**

चंदौली/-तहसील सकलडीहा अपनी मनमानी के लिए जाना जाता हैं, जहां लेखपाल इतने मनबढ़ हैं कि सरकारी जमीनों पर काबिज लोगों को सुविधा शुल्क लेकर वाजिब दिखा देते हैं,, शिकायतों का दौर तब खत्म हो जाता हैं,, जब इनका संगठन खुले आम दबंग बन गलत को सही साबित करते है। बीते कल कि घटना के बाद क्या तहसील सकलडीहा में भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा। पंकज यादव जो लगातार विवादों व घूस लेना अपने आदत में शुमार कर चुका था,, उसे उसके जाल में ही फंसाने का काम एंटी करप्शन के टीम ने किया। किराए पर रहने वाली जगह अपने पोषित लोगों के जरिए भ्रष्टाचार का अड्डा बनाने वाले पंकज यादव को घुस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसी के साथ उनके सहयोगी जो नजदीकी बिसापुर के हैं, उन्हें भी पकड़ा गया। लेकिन सवाल यह उठता हैं, चंदौली जनपद के जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारी द्वारा कार्यवाही का पैमाना क्या होगा, चंदौली जनपद के सभी तहसीलों में अन्य भ्रष्ट लेखपाल जो अपनी मनमानी जारी रखे हैं, उनमें सुधार आएगा। लगातार अव्वल आने वाला तहसील, भ्रष्टाचार में अव्वल ही हैं। चंदौली जनपद के सभी तहसीलों मे इस घटना से जिले के उच्च विभागीय अधिकारी भ्रष्ट लेखपालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई क्या किया जाता है ऐसे तमाम सवाल जनता के जेहन में तैर रहा है।



# बबीना-झांसी (उत्तर प्रदेश)। बबीना कस्बे के जैन मंदिर में आज समाज अध्यक्ष आशीष जैन कल्लन के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

इस दौरान मुनि श्री 108 अविचल सागर जी महाराज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए देशव्यापी सेवा अभियान की जानकारी साझा की। मुनि श्री ने बताया कि दया भावना फाउंडेशन के तत्वावधान में पशु-पक्षियों की सेवा एवं उपचार की भावना को केंद्र में रखते हुए पूरे भारत में 108 गौ अस्पतालों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और बीमार, असहाय एवं घायल गौवंश के उपचार हेतु संगठित प्रयास समय की आवश्यकता है।उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 10 गौ अस्पतालों का शिलान्यास किया जा चुका है। इसी क्रम में बबीना के समीपवर्ती मध्य प्रदेश के ग्राम वनगांय में भी गौ अस्पताल का भूमि पूजन सम्पन्न हो चुका है।मुनि श्री अविचल सागर महाराज ने विशेष रूप से बबीना के जैन समाज की सराहना करते हुए कहा कि यहां के समाजजनों में सेवा के प्रति उत्साह और समर्पण भाव को देखते हुए बबीना में भी एक छोटी यूनिट के निर्माण का संकल्प लिया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि स्थानीय समाज के सहयोग से यह कार्य शीघ्र मूर्त रूप लेगा।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से आशीष जैन कल्लन, सोनल जैन, अनुराग जैन, आकाश जैन, विनोद वरया, विज्ञप्त जैन, पंकज जैन, अमन जैन, अभिषेक जैन, अनुज जैन, अनुपम जैन एवं टिंकू जैन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता के दौरान मुनि श्री ने सभी से गौसेवा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# प्राथमिक विद्यालय इकहरा में शंकुल मासिक बैठक संपन्न, निपुण प्लस असेसमेंट पर दिया गया जोर

माधौगढ़ (जालौन)। जालौन जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय इकहरा में शंकुल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार मिश्रा ने की तथा संचालन सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।बैठक की शुरुआत में सुनील कुमार श्रीवास्तव ने पिछली कार्यवाही की समीक्षा प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष बिपिन ने कहा कि न्याय पंचायत अमखेडा के सभी बच्चों को निपुण बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।




इस दौरान मनोज कुमार बाथम ने 'निपुण प्लस' असेसमेंट को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों की शैक्षिक क्षमता का सही आकलन संभव होगा और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे।

बैठक के अंत में अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने सभी शिक्षकों से शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अंशुमान सिंह, अबिलाख सिंह, राजबहादुर, शक्तिसिंह, सुरेन्द्र वर्मा एवं श्याम जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# माधोगढ़ में ई-रिक्शा पर लोहे की झड़े लादकर दौड़ते वाहन, राहगीरों की जान से खिलवाड़



माधोगढ़ जालौन। कस्बे में इन दिनों सवारी ढोने के लिए बने ई-रिक्शाओं का उपयोग खुलेआम भारी और खतरनाक सामान ढोने में किया जा रहा है। कई ई-रिक्शा चालकों द्वारा लोहे की लंबी झड़े और सरिए लादकर सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा मूल रूप से सवारी वाहन है, न कि भारी सामान ढोने के लिए मालवाहक गाड़ी। इसके बावजूद कुछ चालक नियमों को ताक पर रखकर लंबे-लंबे लोहे के सरिए वाहन से बाहर तक निकालकर ले जा रहे हैं। ये सरिए कई बार वाहन के पीछे काफी दूरी तक बाहर निकले रहते हैं, जिससे पीछे चल रहे बाइक सवार और पैदल राहगीरों के साथ हादसे की आशंका बनी रहती है।

चिंता की बात यह भी है कि रात के अंधेरे में भी ऐसे ई-रिक्शा बिना किसी चेतावनी संकेत के सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं। नियमों के अनुसार यदि कोई लंबा सामान वाहन से बाहर निकला हो तो उसके सिरे पर लाल कपड़ा या रिफ्लेक्टर बांधना अनिवार्य होता है, ताकि पीछे से आने वाले वाहन चालकों को दूर से संकेत मिल सके। लेकिन यहां अधिकतर मामलों में ऐसे किसी भी सुरक्षा उपाय का पालन नहीं किया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि इस लापरवाही पर तत्काल रोक लगाई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले व्यवस्था सुधारी जा सके।

यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# महाराजपुरा स्थित देवी मंदिर में नव दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन




माधोगढ़ (जालौन)। कस्बे के महाराजपुरा स्थित देवी मंदिर में आयोजित नव दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। कथा वाचक पंडित कमलाकांत द्विवेदी ने सातवें दिन की कथा में माता की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि देवी भक्ति से मनुष्य के समस्त कष्टों का निवारण होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

उन्होंने परीक्षित प्रसंग का उल्लेख करते हुए श्रोताओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर श्रीमती सूरजकली, मेजर प्रहलाद सिंह राजावत, पुजारी विनोद सिंह,विधायक प्रतिनिधि महेश पत्रांही,आशु निरंजन, रामराज सिंह,सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा कथा के समापन तक अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।कथा प्रतिदिन विधि-विधान से आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित 04 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-



जौनपुर न्यूज आशीष तिवारी। प्रभारी निरीक्षक केराकत के नेतृत्व में थाना केराकत जौनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 धारा 85/80 बीएनएस व ड डी0पी0एक्ट के वांछित अभियुक्तगण 1.रोहित पुत्र राजपति निषाद, 2.राजपति पुत्र कान्ता, 3.राहुल पुत्र राजपति निषाद, 4.दीपा पत्नी राजपति नि0गण ग्राम उदयचन्दपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर को आज दिनांक 16.02.2026 को थानागद्दी तिराहे से गिरफ्तार कर चालान मा0न्यायालय किया गया अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- 1. रोहित निषाद पुत्र राजपति निषाद निवासी ग्राम उदयचन्दपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर2. दीपा पत्नी राजपति उर्फ राजपत निषाद निवासी ग्राम उदयचन्दपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर3. राजपति उर्फ राजपत निषाद पुत्र कान्ता निवासी ग्राम उदयचन्दपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर 4. राहुल निषाद पुत्र राजपति उर्फ राजपत निषाद निवासी ग्राम उदयचन्दपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर




# श्री राम महायज्ञ के लिए ध्वज किया स्थापित

**सार्थक नायक**



ककरबई(झांसी)- ककरबई के समीप सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ आगामी यज्ञ का धर्म ध्वज स्थापित किया गया।चकाडोरी धाम पर अखंड रामायण पाठ,सुंदरकांड पाठ,राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।विधि विधान से मंत्रउच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया।इसके साथ ही आगामी 22 मई से शुरू होने वाले श्री राम महायज्ञ का धर्म ध्वज पताका का पूजन किया गया तथा धर्म ध्वजा पताका को स्थापित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।पूजन आचार्य रविंद्र मिश्रा एवं गिरजानंदन दीक्षित,महेश शास्त्री द्वारा कराया गया।सभी धार्मिक कार्यक्रम आश्रम के महंत राकेशदास जी महाराज की देखरेख में संपन्न हुए।कार्यक्रम में हरीसेवक सुंदरकांड समिति के सौरभ द्विवेदी,प्रमोद गोस्वामी,रानू तिवारी,दिनेश अलबेला,शिवम झां,रूपेन्द्र पाल,महेंद्र कुशवाहा,संदीप कुशवाहा,मोनू कुशवाहा ने संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक पुत्र राहुल राजपूत,मुन्ना दाऊ,विकास तिवारी,अरुण गुप्ता,महेश विदुआ,मोलू घटियारी,रोहित द्विवेदी,अरविंद हाटी वाले,निखिल गुप्ता,विशाल द्विवेदी,चंद्रप्रकाश द्विवेदी,शशिकांत तिवारी,सुनील चौहान,सार्थक नायक,सुनील जैन डीकू,हेमंत यादव,संदीप कोठारी,सुखदेव सिंह दीपू अस्ता,रामनारायण गुप्ता,सुरेश कुमार मिश्रा,एडवोकेट ओमप्रकाश मिश्रा,सीताशरण तिवारी,अनुज द्विवेदी,रूद्रप्रकाश द्विवेदी,कमलापत उपाध्याय,अमित चौरसिया,वीर राजपूत,अभिषेक चतुर्वेदी,जानकीशरण वकील,प्रसिद्ध नारायण यादव,कैलाश वर्मा,शशांक गुप्ता,बसंत मोदी,प्रेमनारायण यादव,नितिन मिश्रा,विनोद पाठक,घनाराम मिश्रा,गिरिजानंदन दीक्षित,विश्वनाथ लल्ला सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। आश्रम के महंत राकेशदास जी महाराज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी मुद्रक प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड आजादपुरा ललितपुर उत्तर प्रदेश से छपरा कर 91 मसरा खुर्द ललितपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित संपादक अखिलेश कुमार चौबे
email id.siddhisarkar@ gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा )मो.न.. 9793 444 829 ,9044133894